

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



6 पेज

पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 72 | ग्वालियर बुधवार, 21 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### बीएसपी को मिला यूपी में नया अध्यक्ष मायावती ने इस नेता को दी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने विश्वनाथ पाल को बसपा का यूपी का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है. उन्होंने ट्वीट कर इस बारे में जानकारी दी है. बता दें कि विश्वनाथ पाल अयोध्या मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी रहे हैं. मायावती ने ट्वीट कर लिखा, वर्तमान राजनीतिक हालात को मद्देनजर रखते हुए बीएसपी यूपी स्टेट संगठन में किए गए परिवर्तन के तहत् श्री विश्वनाथ पाल, मूल निवासी ज़िला अयोध्या को बी.एस.पी. यूपी स्टेट का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. मायावती ने आगे लिखा, विश्वनाथ पाल, बी.एस.पी. के पुराने, मिशनरी कर्मठ व वफादार कार्यकर्ता हैं. मुझे पूरा भरोसा है कि वे विशेषकर अति-पिछड़ी जातियों को बी.एस.पी. से जोड़कर, पार्टी के जनाधार को बढ़ाने में पूरे जी-जान से काम करके सफलता जरूर अर्जित करेंगे. मायावती ने अपने एक और ट्वीट में भीम राजभर को लेकर भी बयान दिया. उन्होंने कहा, हालांकि इनसे पहले भीम राजभर ने भी बी.एस.पी.यू.पी. स्टेट अध्यक्ष के पद पर रहकर, पार्टी के लिए पूरी ईमानदारी व वफादारी से कार्य किया है, जिनकी पार्टी आभारी है तथा इनको अब पार्टी ने बिहार प्रदेश का कोआर्डिनेटर बना दिया है.

### जैकलीन फर्नांडिस ने कोर्ट से मांगी विदेश जाने की परमिशन, अब इस डेट को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने 23 दिसंबर से 5 जनवरी तक विदेश (बहरीन) जाने की अनुमति मांगी है. इस एप्लिकेशन पर कोर्ट ने 22 दिसंबर को 12.30 बजे सुनवाई होगी. कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन फर्नांडिस का नाम भी शामिल है. एक्ट्रेस मंगलवार को फिर दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट पहुंचीं और एक काम के चलते विदेश यात्रा के लिए कोर्ट से परमिशन लेने की अपील दर्ज की. मामले में 21 दिसंबर को कोर्ट में सुनवाई होनी है. इससे पहले 12 दिसंबर को भी विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक की कोर्ट में मामले को लेकर बहस हुई थी जिसके बाद सुनवाई 20 दिसंबर के लिए टाल दी गई थी. ठगी केस में नाम आने के बाद से जैकलीन लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं. दरअसल, पिछले एक साल से जैकलीन फर्नांडिस का नाम कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर के साथ जुड़ा था. दोनों की पर्सनल तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं. इसके बाद जबरनवसूली और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुकेश चंद्रशेखर को गिरफ्तार करके जेल में बंद कर दिया गया था. उस पर आरोप है कि उसने रसूखदार लोगों सहित कई लोगों के साथ ठगी की है. इसमें कई बड़े-बड़े सेलेब्स और अमीरजादों का नाम शामिल हैं. प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने 17 अगस्त को दायर किए आरोप पत्र में सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मामले में जैकलीन फर्नांडिस को आरोपी बनाया था. इसमें डांस दीवा नोरा फतेही का नाम भी शामिल हैं.ईडी के मुताबिक फर्नांडीस और नोरा फतेही ने चंद्रशेखर से महंगी कारें और दूसरे कई गिफ्ट लिए थे. हालांकि जैकलीन ने अपनी ओर से सफाई पेश कर दी है. हाल में नोरा फतेही ने भी अपना बयान दर्ज करवाया था. इसके अलावा नोरा फतेही ने जैकलीन के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया हुआ है. नोरा का आरोप लगाया है कि जैकलीन अपने फायदे के लिए उनके करियर को बर्बाद कर रही हैं.

### तय समय से पहले खत्म हो सकता है संसद का शीतकालीन सत्र, इन मुद्दों को लेकर जारी है हंगामा



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र अपने तय समय से एक हफ्ते पहले यानी शुक्रवार (23 दिसंबर) को खत्म हो सकता है. सूत्रों ने बताया कि यह निर्णय बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग में लिया गया है. यह कमेटी लोकसभा और राज्यसभा के शेड्यूल को मैनेज करती है. पहले सेशन 29 दिसंबर तक चलना था. सूत्रों ने बताया कि कई विपक्षी नेताओं ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से अपील की थी कि क्रिसमस और नए साल को देखते हुए शीतकालीन सत्र पहले खत्म कर दिया जाए. इस सेशन में अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान सहित कई मुद्दों को लेकर संसद में हंगामा हुआ. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत-चीन के सैनिकों के बीच हाल में हुई झड़प को लेकर केंद्र सरकार पर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाते हुए सोमवार (19 दिसंबर) को कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की रक्षा के लिए एक होकर लड़ेगी. राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने नरेंद्र मोदी सरकार पर देश में लोकतंत्र व स्वायत्त संस्थाओं को खत्म करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि वह केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कांग्रेस को 'डराने' के लिए कर रही है. उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार चीन की ओर से किए जा रहे 'अतिक्रमण' और सीमा मुद्दे पर संसद में चर्चा करने को तैयार नहीं है. वहीं इस पूरे मुद्दे पर असदुद्दीन ओवैसी ने भी कहा कि हम केंद्र सरकार से लगातार संसद में बहस कराने का अनुरोध और मांग कर रहे हैं लेकिन जब एलएसी की स्थिति की बात आती है तो मोदी सरकार पारदर्शिता नहीं दिखाती. वे आधा ही सच बोल रहे हैं. एक तरह पूरे मामले पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सेना बयान दे चुकी है लेकिन विपक्ष कह रहा कि इस पर विस्तृत चर्चा नहीं हो रही है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर भी संसद में बवाल हुआ है. उन्होंने राजस्थान के अलवर में सोमवार (19 दिसंबर) को बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के लिए पूर्व पीएम इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने कुर्बानी दी, हमारी पार्टी के नेताओं ने जान दी है, तुमने क्या किया। आपके घर से देश के लिए कोई कुत्ता भी मरा है। इस पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उनसे माफी की मांग की थी.

राजस्थान में 520 किमी

# 18 दिन और 6 जिलों में पैदल यात्रा करने के बाद राहुल गांधी को क्या हुआ फायदा

**राजस्थान।** राजस्थान में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का आज अंतिम दिन है. इसके बाद यह यात्रा कल हरियाणा में प्रवेश कर जायेगी. इस यात्रा से किसे कितना फायदा हुआड़ इससे पार्टी को कितनी मजबूती मिली है ड़ राहुल गांधी का राजनीतिक चेहरा बदला है या पहले जैसा ही रहा गया है. राजस्थान में कुल 520 किमी पैदल यात्रा में कुल 18 दिन लगे हैं और 6 जिलों को कवर किया है. अशोक गहलोत तो इस यात्रा को वरदान के रूप में देख रहे हैं. उन्होंने तो यह भी कहा है कि इस यात्रा का चुनाव में भी बहुत असर पड़ेगा.

**राहुल की इमेज बदली लेकिन पार्टी को फायदा नहीं**–वहीं राजस्थान राजनीति के जानकारों का कहना है कि इन 18 दिनों में बयानबाजी और गुटबाजी में कमी आई है. इससे पार्टी को फायदा होगा. कुछ जानकारों का कहना है कि इसका कई अन्य राज्यों में भी असर पड़ेगा. राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक मामलों के जानकार हरीश मलिक कहते हैं कि इस यात्रा से राहुल गाँधी की जो एक छवि बनी थी उसमें काफी परिवर्तन आएगा. कांग्रेस पार्टी को कोई फायदा नहीं मिलेगा. राजस्थान में इन्हे तब फायदा मिलेगा जब इनकी आपस की लड़ाई खत्म होगी. राहुल गांधी की इस यात्रा से चुनाव पर भी कोई असर नहीं पड़ने वाला है. मलिक कहते है कि असर तब समझा जाता जब और भी छोटे दल या बड़ा चेहरा कोई यात्रा में शामिल होता. लेकिन पार्टी को इस बार विचार करना होगा कि यात्रा जाने के बाद भी सब कुछ शांत रहे. वहीं वरिष्ठ पत्रकार विनोद पाठक का मानना है कि राहुल के व्यक्तित्व में बड़ा बदलाव आया है. इसका बड़ा उदाहरण है कि राहुल अब अकेले मंच पर बोल रहे हैं. बिना दूसरे के सहारे के ही. राहुल के भाषण में आत्मविश्वास दिख रहा है. पाठक का यह भी कहना है कि राहुल के व्यक्तित्व में आया बदलाव कितने दिन टिकता है यह भी एक बड़ा सवाल है. यात्रा का चुनाव में कितना असर पड़ेगा यह अभी कह पाना मुश्किल है. यात्रा का असर दूर तक और लम्बे समय तक रहता है। वरिष्ठ पत्रकार और यात्रा को करीब से देखने वाले अरविंद चोटिया का कहना है कि यात्रा का विचार कमाल है. राजस्थान में बिना किसी रुकावट के अनवरत चल रही है. यह एक अच्छा संकेत दे रही है. राजस्थान में सबसे बड़ा फायदा पार्टी को यह मिला है कि जब से यात्रा आई है तब से रोज हो रही बयानबाजी बंद हो गई है. एकदम से अंकुश लग गया है. देखने में लगता है कि जैसे कोई बड़ा अनुशासन लगा दिया है. राहुल गांधी बदले-बदले नजर आने लगे हैं. अब बस इतना ही देखना है कि यात्रा के जाने के बाद पार्टी कैसा व्यवहार करती है यह बहुत देखने वाली बात होगी.



**लोगों ने राहुल को जाना है और राहुल ने भारत को**–वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ का कहना है कि यात्रा का लाभ मिलता है. कोई भी यात्रा करें. यात्रा के जरिये भारत ने राहुल को जाना है और राहुल ने भारत को जाना है. हजारों पेज पड़ने के बाद भी आप जो नहीं जान सकते हो वो यात्रा से जान जाओगे. यात्रा के जरिये राहुल गाँधी ने भारत की आत्मा से साक्षात्कार किया है. इससे राहुल गाँधी में आत्मविश्वास बड़ा है. इस यात्रा का लाभ राहुल गांधी को भी लाभ मिलेगा और पार्टी भी मजबूत होगी. इस यात्रा में बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी शामिल हुए हैं जो कांग्रेस के नहीं है और शामिल हुए हैं. इसका बड़ा लाभ मिलेगा.

**कार्यकर्ताओं को जगाने और मजबूत करने का प्रयास**–इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने यह प्रयास किया है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जोश जगाया जाए. उन्हें उत्साह भरा जाए. इससे आने वाले चुनाव में लाभ मिलेगा. इसीलिए अलवर में जब यात्रा पहुंची तो वहां पर राहुल गाँधी ने कार्यकर्ताओं के लिए कहा कि उनकी आवाज सरकार में सुनाई देनी चाहिए. हर सरकारी ऑफिस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आवाज और पहचान बननी चाहिए. इन बातों और राहुल गांधी ने जोर देकर बोला है.

**राजस्थान में यह रहा रूट**–राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा झालावाड़ से 4 दिसम्बर शाम को प्रवेश की. इसके बाद कोटा, बूंदी, सवाईमाधोपुर, दौसा और अलवर होते हुए हरियाणा में जा रही है. कुल 18 दिन तक यह यात्रा रही. इस दौरान सरकार और संगठन के लोग डटे रहे. कुल 520 किमी की यात्रा हुई है. एक बात और दिखी है की ज्यादातर यात्रा का भाग बीजेपी के गड़ में रहा है।

## महिला आयोग ने स्मृति ईरानी पर बयान को लेकर कांग्रेस नेता अजय राय को किया तलब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ महिला विरोधी और अपमानजनक टिप्पणी करने को लेकर कांग्रेस नेता अजय राय को मंगलवार को तलब किया. कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के नेता अजय राय ने सोमवार को कहा था कि ईरानी केवल अपने निर्वाचन क्षेत्र अमेठी में लटका और झटका दिखाने आती हैं. इसके बाद बीजेपी ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की. एनसीडब्ल्यू ने कहा कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ कांग्रेस नेता अजय राय द्वारा की गई विवादित टिप्पणी से संबंधित कई मीडिया रिपोर्ट राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने भेजी गई है.

**स्मृति की टिप्पणी पर क्या बोला महिला आयोग**–एनसीडब्ल्यू ने अपने बयान में कहा है कि आयोग ने अजय राय की स्त्री-विरोधी टिप्पणी का संज्ञान लिया है. यह टिप्पणी काफी घृणित और अपमानजनक है और महिला आयोग ऐसे बयानों की कड़ी निंदा करता है. महिला आयोग ने अपने बयान में कहा है कि आयोग ने इस मामले में सुनवाई निर्धारित की



है और राय को 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे पेश होने के लिए नोटिस भेजा गया है.

**क्या बोले थे कांग्रेस नेता अजय राय**–यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी अमेठी से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेंगे इस पर राय ने संवाददाताओं से कहा था कि अमेठी हमेशा से गांधी परिवार की सीट रही है. राहुल जी वहां से लोकसभा सदस्य रहे हैं. राजीव (गांधी) जी और संजय (गांधी) भी रहे हैं और उन्होंने इस क्षेत्र की सेवा की है. अजय राय ने कहा था कि अमेठी के ज्यादातर कारखाने बंद होने की कगार पर हैं. जगदीशपुर में स्थित औद्योगिक क्षेत्र के आधे कारखाने बंद पड़े हैं. स्मृति ईरानी आती हैं, लटका-झटका दिखाती हैं और चली जाती हैं.

**नए पटकथा लेखक की जरूरत**-2019 के लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को इस सीट से हराकर चुनाव जीता था. ईरानी ने अजय राय के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी को एक नए पटकथा लेखक की जरूरत है. उन्होंने कहा था कि आपको और मम्मी जी को अपने महिला-विरोधी गुंडों के लिए भाषण लिखने वाले नये व्यक्ति की जरूरत है.

### साध्वी निरंजन का कांग्रेस पर हमला, अजय राय के बयान के लिए सोनिया गांधी देश से मांफी मांगें

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लेकर दिए गए बयान पर यूपी कांग्रेस के नेता और पूर्व विधायक अजय राय कायम हैं. उन्होंने स्पष्ट तौर पर कह दिया है कि वे अपने बयान के लिए मांफी नहीं मांगेंगे. हालांकि अजय राय के बयान के बाद सियासी घमासान जारी है. बीजेपी इस बयान के बाद कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व को घेरने में लगी है. अब केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने अजय राय के बयान को लेकर सोनिया गांधी पर निशाना साधा है. केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मंगलवार को एक न्यूज चैनल से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे खुद पीएम को रावण कहते हैं, कुत्ता वाला बयान देते हैं. सोनिया गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्द का प्रयोग करती रहती हैं. अब कांग्रेस नेता अजय राय ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लेकर विवादित बयान दिया है.



**सोनिया गांधी मांफी मांगें**–उन्होंने आगे कहा कि अजय राय ने न सिर्फ स्मृति ईरानी का अपमान किया है, बल्कि देश की सभी महिलाओं को शर्मिंदा किया है. भारतीय परंपरा के अनुसार नारी को पूजा जाता है. ऐसे में अजय राय का बयान शर्मनाक है. कांग्रेसी नेता के इस बयान के लिए सोनिया गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए. इसके साथ ही अजय राय को पार्टी से बाहर कर देना चाहिए. स्मृति ईरानी ने ट्वीट कर कहा कि सुना है राहुल गांधी जी, आपने अपने किसी प्रांतीय नेता से अभद्र तरीके से 2024 में अमेठी से लड़ने की घोषणा करवाई है. तो क्या आपका अमेठी से लड़ना पक्का समझूं दूसरी सीट पर तो नहीं भागेंगे? डरेंगे तो नहीं उन्होंने आगे लिखा कि आपको और मम्मीजी को अपने महिला विरोधी गुंडों के लिए एक नया भाषण लेखक लाने की जरूरत है.

## महाराष्ट्र ग्राम पंचायत चुनाव में किसकी हुई जीत?

2022- महाराष्ट्र में ग्राम पंचायतों के लिए हुए चुनावों के नतीजे मंगलवार (20 दिसंबर) को जारी किए गए. बीजेपी, शिवसेना, कांग्रेस ने पंचायत चुनाव में अपनी-अपनी जीत का दावा किया है. शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि जीत का दावा करना बेमानी होगी क्योंकि ग्रामीण इलाकों में लोग स्थानीय समीकरण के आधार पर चुनाव लड़ते हैं. इसमें किसी पार्टी का सिंबल इस्तेमाल नहीं किया जाता इसलिए किसी पार्टी की हार या जीत कहना गलत है. पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने कर्नाटक सीमा विवाद को लेकर कहा कि महाराष्ट्र सरकार ना गंभीर है ना सक्षम है. कर्नाटक की दादागिरी चल रही है और महाराष्ट्र की सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है. उद्धव ठाकरे गुट के नेताओं ने पंचायत चुनाव में अपनी जीत का दावा किया है. वहीं बीजेपी ने भी महाराष्ट्र में ग्राम पंचायत चुनाव के नतीजों में बड़ी जीत का दावा किया है.

**बीजेपी ने किया जीत का दावा**–राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ग्राम पंचायत चुनाव नतीजों पर कहा कि हमारे गठबंधन को शानदार जीत मिली है. उन्होंने कहा है कि लोगों ने ग्राम पंचायत चुनावों में बीजेपी और बालासाहेबंची शिवसेना को जनादेश दिया है. हम पूरे विदर्भ, कोंकण में जीते हैं. मैं लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हम लोगों की सेवा करते रहेंगे. बीजेपी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने मंगलवार को दावा किया कि पार्टी ने राज्य में ग्राम पंचायत चुनाव में 3,500 से अधिक सीटें जीती हैं. बीजेपी समर्थित उम्मीदवारों ने 3,500 से अधिक सीटों पर जीत हासिल की है और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के समर्थित उम्मीदवार 1,000 से अधिक सीटों पर जीत रहे हैं.

**कांग्रेस ने कहा सबसे ज्यादा सरपंच हमारे**–वहीं कांग्रेस ने बीजेपी के दावे को झूठा कहकर खारिज कर दिया और कहा कि अकेले कांग्रेस से सबसे अधिक 900 से अधिक सरपंच चुने गए. राज्य कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की जीती गई सरपंच सीटों की संख्या बीजेपी की तुलना में कहीं ज्यादा है. कांग्रेस नेता ने बीजेपी को नागपुर जिले के सटीक आंकड़े पेश करने की चुनौती दी, जहां उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी ने 200 से अधिक सरपंच सीटें जीती हैं. महाराष्ट्र में रविवार (18 दिसंबर) को 7,135 ग्राम पंचायतों के लिए हुए चुनाव में 74 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था. ग्राम पंचायत चुनाव आम तौर पर राजनीतिक दलों से संबद्धता के आधार पर नहीं लड़े जाते हैं.

# लोकसभा में गूंजा ऑपरेशन यमराज

बिहार में जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या बढ़कर 75 पहुंच गई है. इस मुद्दे पर बिहार सरकार के खिलाफ विपक्ष हमलावर है. सड़क से लेकर संसद तक नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार को घेरने का प्रयास किया जा रहा है. बिहार से लोकसभा सांसद चिराग पासवान ने मंगलवार (20 दिसंबर) को लोकसभा में इस मुद्दे को उठाया और एबीपी न्यूज के स्टिंग ऑपरेशन की तारीफ की. चिराग पासवान ने संसद में कहा, ÷एबीपी न्यूज ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका निभाई. एक स्टिंग ऑपरेशन करके ये दिखाया कि वहां पर किस तरह से शराब की बिक्री हो रही है. महागठबंधन के तमाम नेता खामोश हैं, क्योंकि वो भी इसमें लिप्त हैं.÷ चिराग ने शराबबंदी कानून के बाद भी प्रदेश में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के लिए राज्य सरकार को दोषी ठहराया और बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की. उन्होंने कहा, एक के बाद एक शराब से मेरे प्रदेश में हत्याओं का सिलसिला शुरू हुआ है. सरकार और प्रशासन इस पूरी घटना को दबाने का प्रयास कर रहा है. एबीपी न्यूज ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका निभाई. एक स्टिंग ऑपरेशन करके ये दिखाया कि वहां पर किस



तरह से शराब की बिक्री हो रही है. महागठबंधन के तमाम नेता खामोश हैं, क्योंकि वो भी इसमें लिप्त हैं. मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से स्वतः संज्ञान लेते हुए राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग करता हूं और इन तमाम हत्याओं की सीबीआई जांच की मांग करता हूं. इससे पहले चिराग ने नीतीश सरकार की ओर से पीड़ित परिजनों को मुआवजा नहीं दिए जाने पर सवाल खड़े किए थे. एक टीवी चैनल को दिए गए इंटरव्यू में चिराग ने कहा था कि मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजा जरूर दिया जाना चाहिए. मुख्यमत्री नीतीश कुमार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा था कि ÷2016 में गोपालगंज में जहरीली शराब पीने से 19 लोग मरे थे, तो पीड़ित परिवार वालों को मुआवजा दिया था. मुख्यमंत्री जी की नीति स्पष्ट नहीं है. कभी उन्होंने घर-घर शराब की दुकानें खुलवाई. 2016 में उन्हें ज्ञान प्राप्ति हुई वो शराबबंदी ले आए. कभी मुआवजा देते हैं, कभी मना कर देते हैं. जहरीली शराब कांड के बाद बिहार पुलिस हरकत में आई है. इस कांड में शामिल आरोपियों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. एसआईटी के ऑपरेशन क्लीन ड्राइव में सारण जिले के इसुआपुर के कुख्यात शराब तस्कर अखिलेश राय उर्फ अखिलेश यादव को गिरफ्तार किया. इसके अलावा बिहार में अलग-अलग जगहों पर पुलिस की छापेमारी जारी है. इसके अलावा अब तक 6335 लीटर शराब और 21 वाहनों को जब्त किया गया है.

# फॉर लाइन के दोनों साइड के बेरिगेट टूटे रोड पर पहुंच रहे जानबर

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- खबर मंगलवार को हुई जन सुनवाई में बकील सुरेश धाक? ने बताया कि ग्वालियर से शिवपुरी के लिये जो हाइवे बनाया गया हैं उस पर अधिकांश जगहों ओर दोनों तरफ के बेरिगेट टूटे हुए हैं जिसके कारण दोनो तरफ से जानवर रोड पर

## जन सुनबाई मैं आवेदन के माध्यम से किया आगाह

आ जाते हैं जिससे एक्सीडेंट का खतरा बढ़ जाता है और हाल ही में जब मैं ग्वालियर से शिवपुरी आ रहा था तब भी अचानक से जानवर आ जाने के कारण मेरी कार भी टूट गई और आज दिनांक तक वह कार सिरसौद थाने पर रखी हुई है जिसमें हमें जान माल की हानि तो नहीं हुई लेकिन गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई अब मेरा श्री नितिन गडकरी जी केंदीय मंत्री भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशन व नियोजन में मुख्य अभियंता, संभाग ग्वालियर नेशनल अथॉरिटी ऑफ इंडिया संभागीय कार्यालय, मकान नं. 13 विवेकानंद कॉलोनी, सरस्वती नगर यूनिवर्सिटी रोड़ ग्वालियर म.प्र के द्वारा शिवपुरी से ग्वालियर फोरलेन सड़क का निर्माण किसी ठेकेदार के माध्यम से कराया जा



रहा है, जिसकी देखरेख व जांच आदि का जिम्मा उक्त दोनों के. साथ-साथ ठेकेदार का भी हैं. उक्त सडक आज भी निर्माणाधीन है। शिवपुरी से ग्वालियर की जब भी यात्रा की जाती है, जब देखा जा रहा है कि सड़क के दोनों ओर लगी बैरीकेडिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर जगह जगह पर दोनों ओर लगी लोहे की मुडडी तक उखड़ गई हैं, इस कारण दोनों ओर बैरीकेडिंग न होने से जानवर सड़क के दोनों ओर घूमते रहते हैं, जिससे आये दिन दुर्घटनायें हो रही हैं, जिसमें जानवरों के साथ साथ इसानों को भी असमय अपनी जान गंवानी पड़ रही है. दि. 24.11.2022 को मेरी स्वयं की नई अर्टिगा कार क्षतिग्रस्त हुई जिसकी रिपोर्ट की है, जिसकी जिम्मेदारी आपकी है। शनि मंदिर गुरावल से सतनबाडा तक की बेरीकेडिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है जबकि पतारा गांव पर मोड़ होकर जानवर अधिक होने से प्रतिदिन घटनायें हो रही हैं.

एवं सतनवाड़ा से शिवपुरी का फोरलेन मार्ग बनकर तैयार भी नहीं हुआ है फिर भी आप के द्वारा वाहनों से काफी समय से टोल लिया जा रहा है. इसके बावजूद भी आप हम वाहन स्वामियों को सुविधा नहीं दे रहे है. इसके विपरीत उनकी जान से खिलवाड़ कर रहे हैं जो कि आपका यह आपराधिक कृत्य है, ऐसी स्थिति में आप 15 दिवस में सड़क के दोनों ओर समुचित बैरीकेडिंग कर यात्रियों की जानमाल की सुरक्षा की गारंटी दें। अतः आपसे निवेदन है कि 15 दिवस में सड़क के किनारे लगे बैरीकेडिंग ठीक कराये और संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने की कृपा करें।



## जैन तीर्थ सम्मेद शिखर को बचाने के लिए कोलारस जैन समाज सड़कों पर उतरा विरोध कर दुकाने रखी बंद महिलाएं भी विरोध में हुई शामिल

**कोलारस।** अरुण कुशवाह कोलारस रिपोटर पुष्पांजलि टुडे झारखंड राज्य में स्थित जैन समाज के तीर्थ स्थान सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल बनाने से रोकने के लिए जैन समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन व रैली मंगलवार को सुबह 11ः00 बजे से नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकली। यह रैली बड़े जैन मंदिर से प्रारंभ होकर सदर बाजार एप्रोच रोड़ एबी रोड होते हुए जगतपुर स्थित एसडीएम कार्यालय पहुँची जिसमें जैन समाज के महिला पुरुष बच्चे हाथों में तख्तियां लेकर व हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया तथा एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम को ज्ञापन दिया समिति के सदस्यों ने बताया कि समाज के श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र अनंत मुनिराज तीर्थकरों की मोक्ष स्थली सम्मेद शिखर को केंद्र सरकार द्वारा पर्यटन स्थल एवं पर्यावरण केंद्र घोषित करने के लिए अधिसूचना जारी की गई है इसको निरस्त किया जाए इस पूरे पर्वत श्रृंखला को पवित्र क्षेत्र घोषित किया जाए।

# जांच में निर्दोश पाए जाने पर तहसीलदार द्वारा खोला गया आधार सेंटर

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- खबर शिवपुरी जिले की नरवर तहसील से हैं जहां पर पिछले कुछ दिन पहले पार्षद पतियों और क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर नरवर तहसीलदार द्वारा नरवर नगर परिषद में चल रहे आधार सेंटर को सील कर दिया गया था और आधार सेंटर एवं संचालिका करिश्मा कोली को जांच किए जाने तक सेंटर ना चलाने की हिदायत देकर अपने घर भेज दिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरवर नगर तहसील परिषद में करिश्मा कोहली नाम की युक्ति आधार केंद्र संचालित करती थी जिस पर नगर परिषद के पार्षद पतियों द्वारा आधार कार्ड बनवाए जाने पर अवैध वसूली की जाने की शिकायत तहसीलदार को की थी जिस पर तहसीलदार विजय शर्मा द्वारा नगर परिषद में संचालित आधार केंद्र को सील कर दिया गया था और जांच के लिए टीम बनाई जैसे ही जांच का निर्णय सामने आया की आधार कार्ड संचालिका



करिश्मा कोली को निर्दोष पाए जाने पर तहसीलदार विजय शर्मा और नायब तहसीलदार ने ही कर स्वयं अपने हाथों से सील हटाई और आधार केंद्र द्वारा से संचालित करने के लिए संचालिका करिश्मा कोली को चाबी सौंपी आधार केंद्र संचालिका करिश्मा कोहली का कहना है कि पार्षद पतियों द्वारा प्रता?त कर जो झूठी शिकायतें एवं जलन के कारण नरवर हमारी शिकायत तहसीलदार को की गई थी तहसीलदार द्वारा हमारा आधार केंद्र बंद कराया गया था और पार्षद पतियों ने जांच की मांग की थी ले हम जांच कराने के लिए तैयार थे क्योंकि हमें मालूम है हमारे द्वारा किसी भी व्यक्ति से अवैध रूप से पैसे नहीं लिए जाते इसलिए जांच पूरी होने पर आज स्वयं तहसीलदार विजय शर्मा एवं नायब तहसीलदार किरण सिंह ने आकर आधार सेंटर संचालित करने के आदेश दिए और कहा कि भविष्य में अगर किसी बात की परेशानी आती है तो आप मुझसे संपर्क कर सकती हैं।



## पार्षद, अध्यक्ष, एकजुट होकर पहुंचे मधुसूदनगढ़ नगर परिषद में आनन-फानन में मीटिंग हुई

**प्रतीश अग्रवाल**
**पुष्पांजलि टुडे**

मधुसुदनगढ़-नगर परिषद में पुराने कर्मचारियो को हटाया गया उनकी सेवाएं की गई समाप्त मधुसुदनगढ़ के अधिकारी पार्षद अध्यक्ष ने एक बड़ा फ़ैसला लेत हुए पुराने 42 कर्मचारियो को तत्काल नगर परिषद से हटा दिया है। बकायदा नगर परिषद के अध्यक्ष पार्षद और अधिकारियों द्वारा इस मामले में लेटर भी जारी किया गया है। और 42 कर्मचारियो की सेवा समाप्त करदी है। नगर परिषद सीएमओ अब्दुल सगीर से पूछा गया कि तत्काल 42 कर्मचारियो को हटाने का बड़ा फैसला लिया गया इसके पीछे कारण क्या है। बोले अभी मेरे पास ऐसा कोई विकल्प नहीं है। मेरे पास जो कर्मचारी लगे थे वो सब अपने अपने प्रभार से कार्य कर रहे थे। परिषद द्वार सभी कर्मचारियों को दिनांक 21/12/2022 से फिर से नियुक्त करेगी।

## नगर परिषद पिछोर में आज शांति समिति की बैठक संपन्न हुई

**जगदीश पाल रिपोटर खनियाधाना**



पिछोर। नगर परिषद पिछोर में आज शांति समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पिछोर एसडीएम बृजेंद्र सिंह यादव पिछोर एसडीओपी दीपक तोमर व पिछोर थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर एवं विभिन्न समाज के लोग शांति समिति की बैठक में सम्मिलित तथा अवैध मूर्तियों को लेकर बढ़ रही वैमनस्यता को खत्म करने के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें नगर परिषद पिछोर की प्रमुख गणमान्य लोग प्रमुख रूप से शांति समिति की बैठक में उपस्थित रहे एवं गणमान्य लोगों ने अपने अपने सुझाव वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखें पिछोर बृजेंद्र यादव ने बताया कि अवैध तरीके से मूर्तियां स्थापित ना करें प्रशासन को इसकी जानकारी दें जिससे प्रशासन तरीके से मूर्ति स्थापित की जा सके

# 24 घण्टे के अंदर डकैती की बारदात को अंजाम वाले लुटेरो को किया गिरफ्तार

## हथियार एवं लूटे गये चार मोबाईल किये जप्त

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-दिनांक 18.12.22 को फरियादी कंचन पुत्र हरविलास रावत उम्र 62 साल निवासी कुवंरपुर ने रिपोर्ट किया कि अज्ञात बदमाशो व्दारा 05 मोबाईल व रुपये लूट ले गये उक्त सूचना पर थाना सिरसौद पर अपराध क्रमांक 325/22 धारा 386,392,506, भादवि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया चूकि घटना बहुत गम्भीर थी इसलिये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल ने घटना को गम्भीरता से लेते हुये सिरसौद पुलिस को शीघ्र अपराधियो को पकडने व अपराध का खुलासा करने के निर्देश दिये श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया, श्रीमान एसडीओपी एस.एस. मुमताज महोदय पोहरी के मार्ग दर्शन मे थाना सिरसौद पुलिस व्दारा दिनांक 19.12.22 को आरोपीगण मुलायम उर्फ सड्डे पुत्र लाखन यादव उम्र 26 साल निवासी ग्राम खुर्रका थाना गसवानी जिला श्योपुर, मेघसिह



पुत्र लाखन यादव उम्र 28 साल निवासी खुर्रका थाना गसवानी जिला श्योपुर, बनिया उर्फ राजकुमार पुत्र रामसिह बघेल उम्र 20 साल निवासी बुडेरा थाना गसवानी जिला श्योपुर, कल्ला उर्फ रामनरेश पुत्र गब्बर गुर्जर उम्र 25 साल निवासी अमोई थाना पहाडगढ जिला मुरैना को हथियार सहित गिरफ्तार कर लूटे गये मोबाईल व रुपये जप्त किये दौराने विवेचना अपराध मे धारा 395 भादवि व 25/27 आम्स एक्ट का इजाफा किया गया । इस सराहनीय कार्य मे थाना प्रभारी विवेक यादव, सउनि जगदीश भिलाला, सउनि दिनेश यादव, सउनि गुनेश्वर पैकरा, प्रआर.493 गजेन्द्र सौलंकी, प्रआर.797 संतोष वैस, प्रआर.686 मनीष पचौरी, प्रआर.1000 सोनू रजक, आर.279 अतेन्द्र जादौन, आर.123 अनूप रावत, आर.216 विक्रम कुमार, आर.1033 पवन वैस, आर.613 मनोज कुमार, आर.348 बाबूलाल, आर.87 अमरीश परिहार एंव सायबर सेल की मुख्य भूमिका रही।

## जेसीआई स्वर्णा संस्था की अध्यक्ष बनी जेसी प्रियंका शिवहरे और सचिव बनी जेसी नीतू जैन

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी- जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की नवीन कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष जेसी प्रियंका शिवहरे के निज निवास पर हुआ जिसमे सभी सदस्यों की सहमति से जेसी प्रियंका शिवहरे को अध्यक्ष , जेसी नीतू जैन को सचिव , और जेसी रुचि मंगल कोषाध्यक्ष बनाया गया एवं सभी सदस्यों को पदभार सौंपा गया जिसमे जेसी स्मिता सिंघल पूर्व अध्यक्ष एवं आइपीपी जेसी आशु अग्रवाल द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया गया जिसमे जेसी प्रियंका सोनी, जेसी नीता श्रीवास्तव, जेसी रानी गोयल, जेसी सुधा गुप्ता, जेसी निशा गोयल, जेसी अंजू अग्रवाल, जेसी भारती जैन, जेसी कुसुम लता राठौर एवं जेसीआई के सभी सदस्य उपस्थित रहे और अंत में सचिव जेसी नीतू जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पति को मार कर लटका दिया आम के पेड़ पर, आत्महत्या नहीं की गई है मेरे पति की हत्या

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- खबर शिवपुरी पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैं ज्ञापन देने आए पाल समाज के लोगों मैं मृतक भूरा पाल की पत्नी ने बताया कि मेरे पति भूरा पाल की हत्या उसके साथ जुआ खेलने वालों ने इसलिए की है क्योंकि वह जुए में रुपये जीत गया था और उसकी हत्या करके उन रुपयों को लूट लिया गया तथा मेरे पति की लाश को पेड़ से टांग कर उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है मैं अब इस मामले में आपसे न्याय की गुहार लगाती हूं यह कहना था पोहरी थाना क्षेत्र के भटनावर चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम बर्वे से आई महिला प्रियंका पाल का जिसके पति की लाश कुछ दिन पूर्व उसी गांव के एक आम के पेड़ से लटकी हुई मिली थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर ली है।

अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर न्याय की गुहार लेकर आई महिला प्रियंका पाल पत्नी भूरा पाल ने बताया कि उसका पति टमाटर खरीदने और बेचने का कार्य करता था और उस दिन उसके पास टमाटर की गा?ियों से लिए गए 30 से 35000 रुपये नगद थे जिन्हें लेकर वह गांव में ही रोक लिया था और संभवत उसने जुआ खेला जुए में जीती रकम के लालच में ही उसके साथियों मैं उसे मौत के घाट उतार दिया तथा बाद में फांसी के फंदे से लटका कर कहानी को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है महिला प्रियंका पाल




का कहना है कि यदि पुलिस भट्नावर में जुआ खेलने वाले लोगों से कड़ाई से पूछताछ करे तो इस मामले का खुलासा हो सकता है और मेरे पति की हत्या का राज खुल सकता है। महिला प्रियंका पाल का कहना था कि मेरे पति की कॉल डिटेल निकालकर उस में आए हुए सभी कॉल्स की जांच यदि पुलिस करे और संबंधित लोगों से कड़ाई से पूछताछ की जाती है तो मेरे पति की हत्या मैं जिन लोगों का उन्हे पकड़ा जा सकता है।प्रियंका पाल का कहना था कि उसके पति के घुटने जमीन लगे हुए थे शादी वे दोनों चप्पलें भी पहना हुआ था और उसे देखकर ऐसा बिल्कुल नहीं लग रहा था कि उसने फांसी लगाई है उसकी हत्या कर कर ही उसे पेड़ पर लटका गया है प्रियंका पाल ने बताया कि उसका पति कभी आत्महत्या नहीं कर सकता। आरोपियों द्वारा ही उसे इस तरह पेड़ से लटका कर आत्महत्या का रूप दिया गया है। पेड़ के पास में चार पहिया वाहन के पैरों के निशान है जिससे ऐसा प्रतीत होता हैं कि रात में घटनास्थल पर कोई चार पहिया वाहन भी लाया। गया था। भूरा पाल के परिजनों का कहना था कि भूरा पाल की हत्या की गई है और इस संबंध में पुलिस गांव के ही कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ करे तो इस मामले का खुलासा हो सकता है उन्होंने पुलिस अधीक्षक से इस मामले में जिला स्तर से जांच कराए जाने की मांग की।

### इन का कहना है कि

उसके साथ में जो लोग जुआ खेलने गए थे वह समय रहते अपने-अपने काम पर लौट गए और भूरा पाल बाद में आपकी दुकान पर पहुंचा जहां उसने शराब भी और अपने फोन से अपनी पत्नी और अपने भाई से भी बात की जिसके बाद उसके पति से लगातार बात करने के बाद कुछ और लोगों के बीच पर फोन आए जिसके बाद उसका फोन बंद हो गया और सुबह वह पेड़ पर लटका मिला पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा किया जाएगा अभी कार्यवाही की जा रही है

**भटनावर चौकी प्रभारी विनोद यादव**

## चाँचौडा विधायक लक्ष्मण सिंह के सानिध्य मे प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंटवार्ता कर चाँचौडा जिला बनाने सौंपा ज्ञापन

**रिपोर्टर-प्रतिश अग्रवाल, पुष्पांजलि टुडे**



मधुसुदनगढ। चाँचौडा के यशस्वी विधायक लक्ष्मण सिंह के सानिध्य मे कैलाश चोकसे, गजेंद्र सिंह चौहान, नारायण सिंह भील, राजेंद्र सिंह बांस खेड़ी, खेमराज नेगी, रोहित मीना, सौरभ यादव, सर्जन सिंह शिल्पकार, प्रीतम प्रजापति बारोद, धर्मेंद्र प्रजापति, तेजप्रताप बना, विवेक गुर्जर आदि के प्रतिनिधि मंडल ने चाँचौडा जिला बनाये जाने के लिए ज्ञापन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विधानसभा सत्र के दोरान सौंपा। गोरतलब है की में चाँचौडा को जिला बनाने के लिए विधायक लक्ष्मण सिंह ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के तीनों ब्लॉक जिसमे चाँचौडा-बीनागंज, कुंभराज, मधुसूदनगढ़ में क्षेत्रीय जनता के साथ पदयात्रा की है। विधायक श्री सिंह अपने स्तर पर चाचौड़ा को जिला बनाने के लिए तो उनसे समर्पित भाव से प्रयासरत हैं इसी तारतम्य में विधानसभा के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान विधायक लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य भेट कर चाचौड़ा को जिला बनाने का ज्ञापन सौंपा।

# प्रांतीय पेंशन अधिकार सम्मेलन 25 दिसंबर को भोपाल मै,जिले से जाएंगे सैंकडो कर्मचारी नीलेश शर्मा

## पेंशन नहीं तो वोट नहीं की होंगी गूज

**मुरैना/** पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष कर रहे संगठन न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के प्रांत अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह तिवारी के आह्वान पर 25 दिसंबर को भोपाल के शाहजहानी पार्क में विशाल पेंशन अधिकार सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रदेश के हजारों कर्मचारी शिरकत करेंगे द्य मुरैना जिले से भी सैकड़ों कर्मचारी भोपाल जाएंगे संघ के जिलाध्यक्ष नीलेश शर्मा द्वारा बताया गया कि आज ब्राह्मण धर्मशाला कैलारस में जिले के कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संकल्प लिया गया कि 25 दिसंबर को होने वाले पेंशन अधिकार सम्मेलन में अधिक से अधिक कर्मचारी भोपाल जाएंगे और अपने हक अधिकार के लिए सरकार से मांग करेंगे यदि सरकार कर्मचारियों की आत्मा,बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन को विधानसभा चुनाव से पहले बहाल कर दे तब प्रदेश का समस्त कर्मचारी वर्ग एवं उसका परिवार सरकार के साथ होगा हमारी मांगों पर विचार नहीं हुआ तो विवश होकर पेंशन नहीं तो वोट नहीं मुहिम मै प्रत्येक कर्मचारी एवं परिवारों सहित उस दल का समर्थन करेंगे जो पुरानी पेंशन देने का वायदा करेगा राजीव जादोन ने कहा जो दल पुरानी पेंशन बहाली की गारंटी देगा और अपने चुनावी घोषणा पत्र में वायदा करेगा सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल की जावेगी जिसके समस्त कर्मचारियों से अपील है एकजुट होकर अबकी बार पुरानी पेंशन वाली सरकार स्थापित करेगें और कर्मचारियों की जायज मांग पूरी हो जिला अध्यक्ष मुरैना नीलेश शर्मा ,जिला उपाध्यक्ष नरोत्तम माहौर , राजीव जादौन, मानिक धाकड़, अमर कांत परासर प्राचार्य नवीन जादौन बीएसी, केशव शुक्ला ङ्खङ्घ, अरविंद हरदेनिया ङ्खङ्घ, संदीप मुदगल ष्ङ्घ , नरोत्तम धाकड़ ष्ङ्घ, महेश शुक्ला ष्ङ्घ, महावीर शर्मा राजेश सिवहरे ,राजू मुगागल मोहन शर्मा ,पवन परासर




# मालनपुर विकास भवन में वोटर लिस्ट में वोट बढ़ने को समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता मालनपुर पहलवान सिंह राजावत**



**मालनपुर**/विकास भवन मालनपुर में आज वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने को लेकर समीक्षा बैठक हुई जिसमें चुनाव आयोग पर्यवेक्षक आई ए एस ई रमेश कुमार ने जिले के समस्त अधिकारियों को लेकर विकास भवन में बैठक की जिसमें नई वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने को लेकर बीएलओ को दी हिदायत और कहां की नई लिस्ट में कोई गड़बड़ी न हो जिसमें मौजूद रहे भिंड कलेक्टर सतीश कुमार एस लहचूरा पंचायत ने लोगो से चर्चा की एवं बी एल ओ लहचूरा पंचायत से वोटर लिस्ट के संबंध में कैसे अपने फॉर्म भरकर बोट बढ़ाएं और कैसे बोट कटवाए इसकी जानकारी ली बैठक में मौजूद रहे एसडीएम शुभम शर्मा, एसडीएम लहार आर ए प्रजापति, जनपद सीईओ दिनेश शक्या, ऐडोरी सर्किल प्रभारी तहसीलदार अनिल पटेल, आर आई नरेंद्र सिंह सिकरवार, पटवारी संजय शर्मा पटवारी, आदित्य कुशवाह, पटवारी अजय खरे, एवं जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे

# आम आदमी पार्टी ने आज एंडोरी गांव में राष्ट्रीय पार्टी घोषित होने पर खुशी जाहिर की एवं मिठाई




**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता मालनपुर पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर गोहद विधानसभा क्षेत्र ग्राम एंडोरी मै आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी घोषित होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोगों को मिठाई खिलाकर एवं माला पहना कर खुशी जाहिर भिंड जिला उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह राजावत ने बताया है कि हमें बहुत ही ज्यादा खुशी है कि आम आदमी पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी घोषित हो गई है और गुजरात में 13ज्ञ वोट आम आदमी पार्टी को मिला है इसमें हमारे 5 विधायक बने हुए हैं एवं पंजाब में हमारी पूर्ण बहुमत से सरकार बनी हुई है एवं दिल्ली में एम सी डी चुनाव में भी जीत हासिल की उसको लेकर हमने समस्त कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर ग्राम मैं करीब 2 सैकड़ा लोगों के साथ खुशी जाहिर की कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम शर्मा एवं शंकर सिंह तोमर ने किया कार्यक्रम में उपस्थित रहे अभिलाष सिंह तोमर, राजेश आर्य , सुरेंद्र सिंह सरदार, महावीर सिंह बूटी गुईया, नरेश सिंह , पहलाद सिंह कुशवाह, हरेंद्र सिंह मलन का पूरा श्याम सिंह सेंगर ,बेताल सिंह जाटव भागभासा आदि कार्यकर्ता मौजूदआज मालनपुर थाना प्रभारी व्ही.व्ही.करकरे जी को पहलवान सिंह राजावत ब्यूरो द्वारा पुष्पांजली टुडे मैगजीन भेंट की गई।

# अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह रविवार को होगा

**लब्ध प्रतिष्ठित पत्रकार स्व. श्री अंबादत्त भारतीय स्मृति सम्मान समारोह आगामी 25 दिसंबर रविवार को आयोजित किया जाएगा।**

**भोपाल/सीहोर।** यह जानकारी देते हुए अंबादत्त भारतीय स्मृति संग्रहालय एवं शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष श्री रघुवर दयाल गोहिया ने बताया कि इस वर्ष स्व. भारतीयजी की नवम पुण्य तिथि (23 अगस्त) को पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन होना था, लेकिन भारी बारिश के कारण सम्मान समारोह स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद कार्यक्रम की अगली तिथि की घोषणा के लिए आयोजन समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन गत 10 दिसंबर को किया गया था। श्री गोहिया ने बताया कि बैठक में सर्व सम्मति से 25 दिसंबर को नगर के रुकमणी गार्डन में सुबह 11.30 बजे से समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर राजधानी भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार श्री शरद द्विवेदी को राष्ट्रीय



स्तरीय, राजग? के वरिष्ठ पत्रकार श्री भानु ठाकुर को राज्य स्तरीय और सीहोर के वरिष्ठ पत्रकार श्री सुमित शर्मा को जिला स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।समारोह में जिला पंचायत के अध्यक्ष इंजी. श्री गोपाल सिंह मुख्य अतिथि, भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार श्री राघवेंद्र सिंह, सीहोर के विधायक श्री सुदेश राय, पूर्व विधायक श्री रमेश सक्सेना, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री बलबीर तोमर, जिला पंचायत सदस्य श्री शशांक सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार श्री मनोज अग्रवाल भोपाल तथा जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री राकेश राय को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। श्री गोहिया ने नगर सहित जिले भर के सभी पत्रकार साथियों, बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों और नागरिकों से उक्त समारोह में समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

**लुकेशन माफिया बोले भागो पुलिस**

# पुलिस की गाड़ियां देख भूमिगत हुए रेत माफिया




**केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह**

**पोरसा नगरा...** मुरैना पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में हरकत में आये नगरा थाना प्रभारी नरेश निरंजन के द्वारा एक कारबाही के बाद चम्बल रेत माफियाओं पर कमरतोड़ कार्यबाही को अंजाम दिया जा रहा है उसी के चलते आज अम्बाह एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा के मार्गदर्शन में जुगलबंदी से एक प्लान बनाकर नगरा चम्बल क्षेत्र में चोरी चिपे चल रहै अबैध रेत उत्खनन पर रात्रि में दविश दी गयी पर रेत माफियाओं के द्वारा लगाए गए लुकेशन माफिया जो हर समय थाना क्षैत्र के बहार रोड पर घूमते नजर आते है उंन्होने तुरन्त रेत माफियाओं को सूचना देकर भाग खड़े हुए जिस पर आज रेत माफिया भूमिगत हो गए और पुलिस प्रशासन का बार खाली निकल गया पर रेत माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है ।


**सुनिए क्या बोले थाना प्रभारी**

आज हमने सुबह तडके चम्बल नदी पर दविश दी रेत माफिया नही मिले पर अगर कोई भी अबैध उत्खनन करते हुए पाया गया तो उसे बक्सा नही जायेगा **नरेश निरंजन थाना प्रभारी नगरा**

# कैलारस- शौचालय बनवाने के लिए दिया ज्ञापन

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस** नगर परिषद कैलारस में पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र नगर का मुख्य व्यापारिक व कोचिंग संस्थान क्षेत्र है यहां पर आधा सैकड़ा कोचिंग सेंटर भी संचालित हैं हजारों लोगों का आगमन प्रतिदिन रहता है किंतु यहां पर एमएस रोड से लेकर नहर तक एक भी शौचालय नगर परिषद द्वारा नहीं बनवाया गया है जिसके कारण आम नागरिक दुकानदार एवं ग्राहक खुले में दीवारों के सहारे से टॉयलेट करने के लिए मजबूर हैं उक्त मार्केट में मुरैना ग्वालियर एवं बाहर के व्यापारी प्रतिदिन आते हैं सैकड़ों की संख्या में



छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं यह सभी लोगों की समस्या हो रही है इस समस्या को लेकर दिनांक 16 12 2022 को एक पंचनामा मांग पत्र स्थानीय पार्षद डॉ.शम्मा जी के माध्यम से नगर परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व नगर परिषद के अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल को दिया है उपरोक्त स्थान पर टॉयलेट निर्माण हेतु उचित जगह भी है स्थानीय निवासियों ने इस समस्या का अति शीघ्र निराकरण करने की मांग की है मुरारी लाल धाकड़, प्रकाश शिवहरे, सुभाष गर्ग, डॉ वीरेंद्र धाकड़, बंटी अग्रवाल,भच्चू गुर्जर, गौरव गर्ग, पप्पू सोनी, सोनू धाकड़,मोनू धाकड़, आदि लोगों ने इस समस्या का निराकरण की मांग की है

# कैलारस-हड़ताल पर बैठे संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने किया सुंदरकांड का पाठ

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस-** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के आव्हान पर पूरे प्रदेश के एनएचएम के अंतर्गत कार्य करने वाले कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए है,इसी के तारतम्य ब्लॉक कैलारस में कार्यरत 50 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी हॉस्पिटल परिसर में अपनी मांगों को लेकर छठवें दिन भी हड़ताल पर बैठे संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने धरना स्थल पर सुंदरकांड का पाठ किया वहीं धरने पर बैठे संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया की सुंदरकांड का पाठ कर सभी संविदा स्वास्थ्य कर्मी भगवान से प्रार्थना करेंगे कि सरकार को सद्बुद्धि दे जिससे कि हमारा नियमितीकरण हो सके हड़ताल पर बैठे हमारे साथियों ने अपने खून से पत्र लिख चुके है वही हड़ताल पर बैठे संविदा



स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी हम इसी तरीके से हड़ताल पर बैठे रहेंगे वही संविदा स्वास्थ्य कर्मी ने बताया कि 5 जून 2018 को संविदा कर्मचारियों को नियमित करने के लिए सरकार ने एक पॉलिसी तैयार की जिसमे सभी को नियमितीकरण और नियमितीकरण की प्रक्रिया के समय में नियमित कर्मचारियों को मिलने वाले वेतन का 90ज्ञ वेतन हम सभी संविदा कर्मचारियों को दिया जाएगा , परन्तु 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी हमको इस पॉलिसी का लाभ नहीं मिल पा रहा है,माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने जब उनकी सरकार नहीं थी तब बोला था कि संविदा की व्यवस्था अन्याय पूर्ण है और हमारी सरकार आते ही हम सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित करेंगे,परन्तु आज तक हमको ना ही नियमित किया गया है और ना ही हमको नियमित कर्मचारियों की सेलरी का 90ज्ञ का लाभ मिला ह

# आदिवासी महिला को लोन दिलाने के बहाने दबंगों ने कराई जमीन की रजिस्ट्री, महिला ने कलेक्टर एसपी से की शिकायत

**घाटीगांव/चराई श्यामपुर**

जमीन की खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी का मामला कोई नया नहीं है, लेकिन संभवतः यह पहला मामला होगा जिसमें चराई श्यामपुर की रहने वाली विधवा महिला की जमीन को लोन दिलाने के बहाने बिना पैसा दिए जमीन की रजिस्ट्री ली गई। फरियादिया ने इसकी शिकायत कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह एवं एसपी अमित सांघी से आज जनसुनवाई में की है। एवं उचित जांच करवा कर न्याय दिलाने की मांग की है

**क्या है पूरा मामला**

फरियादिया राजकुमारी आदिवासी पत्नि स्व0 लाखन सिंह आदिवासी निवासी ग्राम चराई श्यामपुर तहसील घाटीगांव जिला ग्वालियर के मुताबिक अपने ही गांव के रहने वाले पजन सिंह पुत्र श्रीराम गुर्जर ने मुझ विधवा महिला को लोन दिलाने के बहाने ग्वालियर ले गया और अपने साथी रामेश्वर पुत्र कैलाश पुरी के साथ मिलकर कल्ला पुत्र प्रभु महादेवा शिवपुरी के नाम मेरी पट्टे की जमीन सर्वे क्रमांक 477, 480, 488 फर्जी रजिस्ट्री करा ली, और अब प्रार्थिनी की जमीन हड़पने की कोशिश की जा रही है, फरियादिया ने उक्त लोगों के धोखाधड़ी एवं धाराओं के तहत कार्रवाई करने की मांग की है, वहीं एसडीएम अनिल बनवारिया ने उचित जांच कर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है




# वसुंधरा ने गैस सिलेंडर ब्लास्ट प्रभावित 24 परिवार लिए गोद:सुहाग का बिखरा सामान देख आंखें भरीं; कहा- रूह कांप गई

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान जोधपुर। राजस्थान**

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मंगलवार को जोधपुर के भूंगरा गांव पहुंचीं। यहां 8 दिसंबर को सगत सिंह के घर शादी समारोह में गैस सिलेंडर ब्लास्ट से आग लग गई थी। इस हादसे में अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है। तबाही का मंजर देखकर वसुंधरा राजे की आंखें भर आईं। उन्होंने पीड़ित परिवारों को गोद लेने की बात कही।पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मंगलवार सुबह 8.10 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचीं थीं। इसके बाद वे 9 बजे सीधे बीएसएफ मुख्यालय गईं, जहां उन्होंने 1971 के युद्ध नायक भैरव सिंह को श्रद्धांजलि दी। वहां से सुबह 9.30 बजे वे भूंगरा गांव के लिए रवाना हो गईं।पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सुबह 11 बजे भूंगरा गांव में घटनास्थल पर पहुंचीं। वहां अधजली सुहाग की चूड़ियां, बिखरा हुआ सिंदूर, जला हुआ लहंगा देखकर वे भावुक हो गईं। सुहाग का यह सामान वर पक्ष 8 दिसंबर को वधू के लिए ले जाने वाला था।पूर्व विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने जब वसुंधरा राजे को खून से सनी दीवारें दिखाईं तो पूर्व सीएम की आंखें भर आईं। उन्होंने कहा- ऐसे भयानक मंजर के बारे में सुनने से ही रूह कांप जाती हैं। हे ईश्वर, कभी ऐसा न हो। उन्होंने मीडिया से बातचीत में साफ कहा-प्लीज ऐसे में राजनीति नहीं।इसके बाद वसुंधरा राजे मृतकों के परिजनों से मिलीं। दिवंगतों के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। पीड़ित परिवारों को सांत्वना देते हुए वसुंधरा राजे ने कहा कि ये सब अपने ही थे, जिनके चले जाने का बहुत दुख है। यह एक ऐसा हादसा है जो हमेशा हमारे मन में कांटे की तरह चुभता रहेगा।पूर्व सीएम ने कहा कि जो चले गए वे वापस तो नहीं आ सकते, लेकिन उनके परिजनों को जो गहरे घाव मिले हैं, उन पर हम अपनी सद्भावना का मरहम लगा सकते हैं। उन्होंने कहा- इस त्रासदी से आहत सभी परिवारों को में गोद लेती हूं। पूर्व सीएम ने मृतकों के परिजनों, घायलों के भोजन, आवास, बच्चों की शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की बात की। 24 परिवार हैं जिनके यहां डेथ हुई है।इससे पहले मंगलवार सुबह वसुंधरा राजे शेरगढ़ के भूंगरा गांव पहुंची और परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की।इससे पहले मंगलवार सुबह वसुंधरा राजे शेरगढ़ के भूंगरा गांव पहुंची और परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की।

**ये नेता करेंगे परिवारों की जरूरतों का आकलन–** विधायक बाबू सिंह राठौड़, भाजपा मंत्री केके विश्नोई, पूर्व मंत्री मेघराज लोहिया, अर्जुन सिंह उचियाड़ा व पूर्व जिला अध्यक्ष भोपाल सिंह बड़ला पीड़ित परिवारों की आवश्यकताओं का आकलन करेंगे।उसके आधार पर



परिवारों की मदद की जाएगी। राजे के साथ जेडीए के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौर, विधायक हमीर सिंह भायल मौजूद थे। भूंगरा गांव से रवाना होकर वसुंधरा राजे दोपहर 1.05 बजे जोधपुर महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचीं। वहां उन्होंने घायलों की कुशलक्षेम पूछी।उन्होंने जोधपुर गैस सिलेंडर ब्लास्ट के प्रभावितों, मृतकों के परिजनों से बात की और डॉक्टर से मरीजों के इलाज के बारे में जानकारी ली। पीड़ित परिवारों की मदद करने का ऐलान भी किया। मीडिया से चर्चा में वसुंधरा ने कहा कि शेरगढ़ के भूंगरा में हुआ हादसा बहुत ही भयानक था। इस हादसे के बाद से ही में पीड़ित परिवार के बीच जाकर संवेदनाएं व्यक्त करना चाहती थी। परिवार की मदद के लिए भूंगरा गांव के पीड़ित परिवारों को गोद लिया है।उन्होंने कहा कि मैंने परिवार से लोगों से कहा कि राजस्थान की जनता ने मुझे बहुत कुछ दिया है। इसलिए मेरी भी जिम्मेदारी बनती है, इन परिवारों की मदद की जाए। क्योंकि ये भी मेरा परिवार है। ऐसे समय में हमें मदद करनी चाहिए फिर हम सरकार में रहें या नहीं रहें। बिना किसी राजनीति के हम कुछ करें।वसुंधरा राजे ने बताया कि उन्होंने पीड़ित परिवारों की मदद के लिए 5 लोगों की एक कमेटी बनाई है। जो पीड़ित परिवार के बीच जाएंगे और पता करने की कोशिश करेंगे कि उनको क्या मदद मिल रही है। इसके अलावा परिवार के लोगों के भोजन व्यवस्था के लिए भी मदद की जाएगी।इस हादसे में घायलों से मिलकर संतोष हुआ कि जहां इतने लोगों ने दम तोड़ दिया वहां यह 6 लोग उस भीषण हादसे से उबरकर स्वस्थ होंगे। एमजीएच (महात्मा गांधी अस्पताल) से वसुंधरा राजे दोपहर 1.55 बजे रवाना हो गईं।

**सचिन पायलट भी मिले प्रभावितों से–** पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट भी मंगलवार को जोधपुर पहुंचे। सचिन पायलट रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान त्रासदी में मरने वाले लोगों के प्रति शोक जताया। कहा कि एक साथ इतने लोगों की मौत बहुत दुखद है। पीड़ित परिवार को अब तक जो आर्थिक सहायता मिली है वह कम है। एक ही परिवार के कई सदस्य की एक साथ मौत हुई है। उन्होंने कहा कि वह सरकार से सहायता राशि बढ़ाने की मांग करेंगे।इसके बाद पायलट सुबह 8.30 बजे सीधे भूंगरा गांव के लिए रवाना हो गए। सचिन पायलट ने भूंगरा गांव में पीड़ित परिवारों को ढ़ांढस बंधाया। आर्थिक मदद की राशि बड़ाने को लेकर सरकार से मांग करने की बात कही। इसके बाद पायलट जोधपुर महात्मा गांधी अस्पताल में घायलों से मिलने के लिए रवाना हुए।

**मृतकों को अब 17 लाख नहीं, 20 लाख मिलेंगे–** जोधपुर गैस सिलेंडर ब्लास्ट हादसे में मृतकों के आश्रितों को सीएम रिलीफ फंड से 2 लाख की जगह 5 लाख रुपए मिलेंगे। शेरगढ़ विधायक मीना कंवर ने कहा कि मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री ने उन्हें फोन पर यह जानकारी दी। विधायक ने कहा कि मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग की जा रही थी। वे उनके पति उम्मेद सिंह राठौड़ सीएम से अनुरोध कर रहे थे। जिसे मान लिया गया है। अब 17 लाख की जगह प्रत्येक मृतक के परिजन को 20 लाख रुपए दिए जाएंगे।उमेद सिंह राठौड़ ने कहा शेरगढ़ विधानसभा की जनता को तरफ से सीएम का आभार।

**सोमवार को भूंगरा में जलीं थीं 6 चिताएं–** जोधपुर के शेरगढ़ थाना क्षेत्र में भूंगरा गांव में सोमवार को 6 शवों का एक साथ अंतिम संस्कार हुआ। सोमवार को 10 शव मॉर्च्युरी से उठाए गए थे, जिनमें 6 शव भूंगरा गांव के थे।

## सम्पादकीय

### आजाद का इस्तीफा

*देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को गुलाम नबी आजाद भी अंततः छोड़ गए। विगत एक वर्ष से पार्टी में हालात आजाद के प्रतिकूल होने लगे थे। कुल मिलाकर, 51 वर्ष की सेवा के बाद उनका कांग्रेस से जुदा होना कतई चौंकाता नहीं है। शुक्रवार को सोनिया गांधी को लिखे पांच पेज के लंबे पत्र में उन्होंने पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता तक से इस्तीफा दे दिया। बहरहाल, उनके फैसले से प्रभावित जम्मू-कश्मीर के पांच पूर्व विधायकों ने भी कांग्रेस से किनारा कर लिया है। इस केंद्र शासित प्रदेश में कांग्रेस और कमजोर पड़ गई है। बताया गया है कि गुलाम नबी आजाद को अपनी इ'छा के विरुद्ध काम करना पड़ रहा था और उनके पास पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। खैर, यह कांग्रेस ही नहीं, आजाद के लिए भी बहुत बड़ा फैसला है। कांग्रेस निर्णायक दौर से गुजर रही है। ऐसे में, यह सहज स'चाई नहीं है कि कोई बड़ा नेता पार्टी छोड़ जाए। कांग्रेस की महत्वाकांक्षी पदयात्रा निकलने वाली है। महत्वपूर्ण चुनाव करीब आ रहे हैं, कई महत्वपूर्ण रा'यों में पार्टी को चुनाव के लिए खड़ा करने का मौका फिसलने लगा है, तब गुलाम नबी आजाद का जाना कोई अ'छा संदेश नहीं है। इससे कांग्रेस के मनोबल को कतई मजबूती नहीं मिलने वाली। ऐसे नेता वर्षों मेहनत-अनुभव से तैयार होते हैं, पार्टी के लिए पूंजी होते हैं, लेकिन पार्टी ने अपनी इस पूंजी को बचाने की बहुत कोशिश नहीं की है। आशंका है कि अभी अनेक नेता कांग्रेस छोड़कर जाएंगे, पार्टी को सचेत भाव से चल रहे बिखराव को रोकना चाहिए। कांग्रेस को साल 2024 में बड़ी निर्णायक चुनावी लड़ाई का सामना करना है। पार्टी अभी अगर अपना घर दुरुस्त नहीं करेगी, अगर नई संतुलित राजनीतिक टीमें नहीं बनाएगी, तो बेशक, मुश्किलें उसका इंतजार कर रही हैं। पार्टी आजाद को कश्मीर में आगे रखकर तैयारी कर रही थी, लेकिन शायद वह उन्हें विश्वास में लेकर नहीं चल सकी। आजाद का आरोप है कि पार्टी को मनमाने ढंग से चलाया जा रहा है, सलाह-मशविरे की परिपाटी खत्म हो रही है। लेकिन आजाद के पार्टी छोड़ जाने का एक दूसरा पहलू भी है। क्या राजनीति में कोई रिटायर होना नहीं चाहताड़ क्या हर वरिष्ठ या बुजुर्ग नेता को अपनी पार्टी छोड़कर आगे बड़ जाना चाहिएड़ यह सवाल लोग पूछ रहे हैं कि आजाद को कांग्रेस ने आखिर क्या नहीं दिया थाड़ वह तो जमीनी आधार वाले मजबूत नेता भी नहीं थे, तब भी वह केंद्र में मंत्री, रा'य में मुख्यमंत्री, रा'यसभा में पार्टी के संसदीय दल के नेता भी रहे, फिर भी वह पार्टी के प्रति असंतोष जता गएड़ सिर्फ गलतियां गिनाने की राजनीति वास्तव में दुखद है। क्या राजनीति में किसी नेता को अपने योगदान और अपनी उपलब्धियों को समग्रता में नहीं देखना चाहिए खैर, यह बात हर पार्टी और हरेक नेता पर लागू होती है। वास्तव में, किसी एक पार्टी के प्रति सोलह आना निष्ठा को लोग 'यादा पसंद करते हैं, लेकिन क्या यह बात हमारे नेताओं की समझ में स्थापित हैड़ वैसे अब चुनाव करीब आने लगे हैं, तो आया राम-गया राम के हालात अनेक बार बनेंगे। बहुत से नेता जिधर सत्ता की उम्मीद देखेंगे, उधर बड़ चलेंगे। अब देखना है कि गुलाम नबी आजाद कांग्रेस से निकल किधर ठौर पाते हैं। नई पीड़ी के राजनेता केवल कांग्रेस में ही नहीं हैं, हरेक पार्टी में हैं, हर जगह अनुभवी नेताओं को 'यादा समझदारी के साथ खुद को स्थापित रखना होगा।*

## राशिफल



वृष राशि- लव लाइफ को लेकर हाल ही में कुछ निर्णय लेने से आप निराश हो सकते हैं। अपनी इच्छाशक्ति और आत्म-नियंत्रण पर भरोसा रखें और व्यावहारिक रूप से अपनी समस्याओं का सामना करें। यदि आप दूसरे व्यक्ति के इरादे के बारे में आश्वस्त हैं तो किसी रिश्ते को करने में कोई बुराई नहीं है। अपनी चिंता पर विजय प्राप्त करें और इसका लाभ उठाएं।

मिथुन राशि- आप अपने प्रेम जीवन में संशोधन करने के लिए प्रेरित होंगे। जो लोग अविवाहित हैं वे नए लोगों से मिलने और किसी खास से मिलने का रास्ता खोजने का सोच-समझकर फैसला लेंगे। जो लोग प्रतिबद्ध हैं उन्हें अपने साथी के प्रति कोमल और स्नेही होने की आवश्यकता होगी। वाद- विवाद से दूर रहें।

कर्क राशि- जिस व्यक्ति के आप करीब आ रहे हैं, उसके बारे में और भी बहुत कुछ जानने की जरूरत है। आप दोनों भावनाओं की गहराई को अच्छी तरह समझते हैं, लेकिन एक दूसरे के प्रति स्नेह दिखाना जरूरी है। डिनर डेट के लिए बाहर जाएं और अपनी भावनाओं को व्यक्त करें। यह एक नई शुरुआत का रास्ता दिखाएगा जो आपको पहले से कहीं ज्यादा खुश करेगी।

सिंह राशि- आपको अपने रिश्तों को परिपक्वता से संभालने की जरूरत है। आपको अपने साथी के बारे में कुछ अफवाहों पर विश्वास करने के लिए गुमराह किया जा सकता है जो आपको परेशान कर सकती हैं। दूसरे जो कह रहे हैं उस पर विश्वास करने के बजाय अपने प्रियजन से बात करना  बेहतर है। क्षुद्र मुद्दों और तर्कों में न आएं और अपने बंधन पर ध्यान दें।

कन्या राशि- आपका स्वाभाव आपके प्रेम जीवन को रोशन करेगा। कोई ऐसा व्यक्ति जिसकी आप वास्तव में प्रशंसा करते हैं, आपके इशारों से अभिभूत होगा और आपकी चालों पर अनुकूल प्रतिक्रिया देगा। यह आनंद और खुशी की अवधि के लिए दरवाजे खोल देगा। इस चरण का अधिकतम लाभ उठाएं और नवोदित संबंधों को समय दें।

तुला राशि- आपका साथी आज आपकी भावनाओं का बदला लेने के मूड में हो सकता है। अपने मौजूदा रिश्ते को थोड़ा स्पेस दें। अकेले समय बिताना इतनी बुरी बात नहीं है, क्योंकि इससे आपको अपने मनोवैज्ञानिक गतिकी की गहराई से जांच करने में मदद मिलेगी। विवाहित जोड़े एक-दूसरे की सलाह से लाभान्वित होंगे।

वृश्चिक राशि- एक खास व्यक्ति के लिए आपका लगाव हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता जाएगा। यह अभी दूर का रिश्ता हो सकता है, लेकिन अगर आप कुछ प्रयास करते हैं तो यह कुछ सार्थक में विकसित होने की संभावना है। चीजों को अपने आप प्रकट होने दें और देखें कि वे किस ओर ले जाती हैं। यह आपके क्षितिज का विस्तार कर सकता है। अपने सभी विकल्पों के लिए खुले रहें।

धनु राशि- एक चुनौतीपूर्ण विभाजन के बाद भी, जो आपके दिल को दुख पहुंचाता है, प्यार में विश्वास हासिल करना संभव है। यह संभव है कि आप अंत में उस बिंदु पर हों जहां आप फिर से डेटिंग शुरू करने के लिए तैयार महसूस करते हैं, या कम से कम, लोगों को यह बताएं कि आप अपने दिल को नए प्यार की संभावना

मकर राशि- आपका प्रेम जीवन दिन पर दिन और तीव्र होता जा रहा है। जल्द ही आपको यह पता लगाने की जरूरत है कि क्या आप जिससे प्यार करते हैं, उसके प्रति गहरी प्रतिबद्धता के लिए तैयार हैं।

कुंभ राशि- आपके जीवन में एक निश्चित परिवर्तन आ रहा है। पिछले कुछ समय से आप अपने पेशेवर जीवन को काफी समय दे रहे हैं, लेकिन आज आपको भावनात्मक सुरक्षा खोजने की जरूरत महसूस होगी। लेकिन आप जिस चीज के लायक हैं उससे कम किसी चीज के लिए समझौता न करें। पसंद करना और सही व्यक्ति के आपके जीवन में कदम रखने की प्रतीक्षा करना ठीक है।

मीन राशि- आपके प्रेम जीवन में शांति का भाव रहेगा। कुछ यादृच्छिक योजनाएँ बनाएं और अपने प्रियजन की संगति में दिन बिताएं। कोई सरप्राइज गिफ्ट आपके पार्टनर को काफी पसंद आएगा। आपके प्रयास लंबे समय में रंग लाएंगे। विवाहित लोगों को एक-दूसरे की राय के लिए जगह बनानी चाहिए और कोई भी निर्णय लेने से पहले अच्छी तरह विचार कर लेना चाहिए।

# साइबर संसार में हर कदम पर बदलती तकनीक के खतरे

दुनिया के विकसित देशों में तकनीक बड़ी तेजी से बदल रही है। तकनीक केवल साधन बनाने तक सीमित नहीं है, यह एक प्रक्रिया है, जो पहले से अधिक ताकतवर तकनीक को जन्म देती है। इसलिए तकनीक के विकास की गति एक दशक में ही दोगुनी हो जाती है, पर तेजी से होते तकनीकी विकास के साथ इसके बेकाबू हो जाने का डर भी उतनी ही तेजी से फैला है। गूगल और एल्फाबेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने कुछ हफ्ते पहले कहा था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। इसके लिए उन्होंने एआई को लेकर नियम बनाए जाने की मांग पर जोर दिया है। पिचाई कहते हैं, हम नई तकनीक पर काम करते रह सकते हैं, पर बाजार तंत्र को उसके किसी भी तरह के इस्तेमाल की खुली छूट नहीं होनी चाहिए। यह पहली बार नहीं है, जब पिचाई ने एआई के खतरों को लेकर दुनिया को आगाह किया है, न ही वह पहले ऐसे जानकार हैं, जिन्होंने ऐसा किया है। साल 2018 में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था, 'दुनिया पर एआई का जितना असर होगा, उतना शायद ही किसी अन्य आविष्कार का होगा।' उन्होंने कहा था, 'इंसान आज जिन चीजों पर काम कर रहा है, उनमें सबसे महत्वपूर्ण एआई है। शायद आग और बिजली जितना महत्वपूर्ण, लेकिन यह इंसानों को मार भी सकती है। साल 2017 में टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने कहा था, 'अगर आप एआई से चिंतित नहीं हैं, तो आपको होना चाहिए।' सोशल मीडिया पर मस्क ने जो तस्वीर पोस्ट की थी, उसमें लिखा था, 'जीत आखिर में मशीनों की होगी।' मस्क ने नेताओं से अपील की थी कि इससे पहले, बहुत देर हो जाए, एआई को काबू में लाने के लिए नियम बनाए



जाएं। जाने-माने भौतिक वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग ने 2017 में ही कहा था, 'मैं मानता हूं कि एआई को मानवता की बेहतरी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, मगर इंसान को इसे काबू करने का कोई न कोई रास्ता ढूंढ़ना पड़ेगा।'

एआई  का अर्थ है, मशीनों को इंसान की तरह सोचने, करने और फैसले लेने की क्षमता देना। सिंरी व अलेक्सा जैसे वॉएस असिस्टेंट, टेस्ला कारों की सेल्फ ड्राइविंग तकनीक, उपभोक्ताओं को पसंद के अनुसार कार्यक्रम परोसने वाली तकनीक या फिर आपकी आदतों को समझने वाली नेस्ट की तकनीक, ये एआई के इस्तेमाल के कुछ उदाहरण हैं। लेकिन हाल में जिस खास वजह से एआई चर्चा में रहा है, वह है चेहरे पहचानने की तकनीक। भारतीय पुलिस 'त्रिनेत्र' नाम के एक फेशियल रिकग्निशन एप का इस्तेमाल करती है, जिससे किसी अपराधी की तस्वीर से मिलान करके पता लगाया जाता है कि उसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है या नहीं। अब गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस या भीड़भाड़ वाली जगहों पर पुलिस ऑटोमेटेड फेशियल रिकग्निशन सिस्टम का इस्तेमाल करने लगी है। भारत सरकार पुलिस बल के आधुनिकीकरण और अपराधियों की पहचान करने के लिए इस तकनीक को महत्वपूर्ण मान रही है। इधर मीडिया में जब यह चर्चा तूल पकड़ रही थी, तब अमेरिका में कश्मीर हिल की एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई, जो क्लियरव्यू एआई नाम की एक कंपनी के बारे में भी थी, जो चेहरे पहचानने के लिए फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब जैसी हजारों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगाई गई तस्वीरों का इस्तेमाल करती है। कानून लागू कराने वाली एजेंसियों की ई-सॉफ्टवेयर में गहरी दिलचस्पी है और एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की करीब 600 एजेंसियां इसका इस्तेमाल कर रही हैं। एक व्यक्ति की पहचान के लिए लाखों लोगों की निजता का हनन होने लगा है। हमारे देश में इसे लेकर फिलहाल कोई प्रत्यक्ष कानून नहीं है। बड़े पैमाने पर हो रहे इस तरह के निजता के उल्लंघन से निपटने के लिए पहले तो यह समझना होगा कि इसके लिए कानून के किन बिंदुओं को और मजबूत करना है। दूसरा, यह देखना होगा कि अगर जानकारी इक्ट्ठा की गई है, तो उसे सुरक्षित कैसे रखना है। तीसरा, यह समझना होगा कि कंपनियां जो डाटा एकत्र करती हैं, उनका व्यापारिक इस्तेमाल किस तरह करती हैंड़ इसे लेकर सरकार को नियम-कायदे दुरुस्त करने होंगे।

# अपनी समुद्री ताकत को फिर परखने-सुधारने का वक्त

**एक दूरदर्शी नौसैनिक नेतृत्व की बदौलत भारतीय नौसेना आज एक कॉम्पैक्ट, बल्कि अत्यधिक पेशेवर और शक्ति शाली समुद्री बल है, जिसका मूल्यांकन नाटो मानक के अनुरूप किया जाता है। हालांकि, भारत के सुरक्षा अभिजात वर्ग यह महसूस करने में विफल रहे हैं कि एक लड़ाकू नौसेना राष्ट्र की समुद्री ताकत का सिर्फ एक किनारा है, और अन्य घटकों की मजबूती के बिना भारत समुद्री शक्ति  होने का दावा नहीं कर सकता है।**

हिंद महासागर के बंदरगाहों जैसे हंबनटोटा और जिबूती में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (प्लान) के जहाजों की हाल की तस्वीरों पर झल्लाने वाले भारतीयों को यह जानकर खुशी होगी कि बीते 15 अगस्त को दुनिया के सात बंदरगाहों पर नौ भारतीय नौसेना युद्धपोत मौजूद थे। हर महाद्वीप में कम से कम एक पोत हमारी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर तिरंगा फहराने के लिए मौजूद था। मतलब भारत और चीन, दोनों की नौसेनाएं एक ही संदेश भेज रही थीं। समुद्री शक्ति को भूमि और वायु शक्ति के विपरीत कई भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं। गतिशीलता, बहुमुखी प्रतिभा और स्थिरता को देखते हुए युद्धपोतों को वस्तुतः दुनिया के समुद्रों में किसी भी स्थान पर रखा जा सकता है। किसी की राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन किए बिना  किसी अन्य के जल क्षेत्र में या दूसरे राष्ट्र के बंदरगाह पर पोत खड़े हो सकते हैं। मगर दुनिया भर में नौसेनाएं अपने राजनीतिक आकाओं के उपकरण के रूप में अपनी उपयोगिता जताने के लिए अक्सर व्यर्थ संघर्ष करती रहती हैं। इस मोर्चे पर चीनी नौसेना की सफलता परखने योग्य है। सितंबर 2020 में अमेरिकी रक्षा विभाग ने आश्चर्यजनक घोषणा की थी कि 350 जहाजों व पनडुब्बियों के सामरिक बल के साथ चीनी नौसेना ने 293 जहाजों की शक्ति वाली अमेरिकी नौसेना को पीछे छोड़ दिया है। चीनी नौसेना रातोंरात नहीं बड़ी है और अब वह चीन के राजनीतिक नेतृत्व की व्यापक-रणनीतिक दृष्टि की स्पष्ट अभिव्यक्ति बनी हुई है। 1950 में चीनी नौसेना की औपचारिक स्थापना पर चीन को हार्डवेयर व सलाहकारों के साथ-साथ जरूरी सिद्धांत भी रूस से हासिल हुए थे। 1960 का चीन-सोवियत विभाजन, हालांकि, चीनी



नौसेना के लिए बड़ा झटका था, पर यह उसके लिए वरदान बन गया। 2012 की पार्टी कांग्रेस में महासचिव हू जिंताओ ने चीन पर नजर रखने वालों को यह कहते हुए आश्चर्य में डाल दिया था कि चीन का लक्ष्य एक महान समुद्री शक्ति बनना है। एक साल बाद, शी जिनपिंग ने चीन के समुद्र संबंधी उद्देश्यों को और स्पष्ट किया। दृड़ता और व्यवस्थित प्रयास हुए, जिन्होंने चीन को एक वास्तविक समुद्री ताकत बना दिया। चीन आज दुनिया का सबसे बड़ा जहाज-उत्पादक देश है।

दूसरी ओर, भारतीय नौसेना का जन्म आसान रहा है। एक दूरदर्शी नौसैनिक नेतृत्व की बदौलत भारतीय नौसेना आज एक कॉम्पैक्ट, बल्कि अत्यधिक पेशेवर और शक्तिशाली समुद्री बल है, जिसका मूल्यांकन नाटो मानक के अनुरूप किया जाता है। हालांकि, भारत के सुरक्षा अभिजात वर्ग यह महसूस करने में विफल रहे हैं कि एक लड़ाकू नौसेना राष्ट्र की समुद्री ताकत का सिर्फ एक किनारा है, और अन्य घटकों की मजबूती के बिना भारत समुद्री शक्ति होने का दावा नहीं कर सकता है। राजनीतिक-नौकरशाही स्तर पर समुद्री शक्ति के महत्व व घटकों की समझ के दो हानिकारक प्रभाव हुए हैं। सबसे पहले, कम बजट ने हमारी नौसेना की क्षमता को अवरुद्ध किया है। दूसरा, भारत के समुद्री क्षेत्र की कई क्षेत्रों में हुई उपेक्षा ने सुनिश्चित किया है कि हमारा नागरिक जहाज निर्माण उद्योग मरणासन्न हो गया है, हमारा व्यापारिक जहाजरानी मतलब मर्चेंट नेवी क्षेत्र मंद गति से बड़ रहा है। हमारे प्रमुख बंदरगाह आधुनिकीकरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं, समुर्द्र तल का दोहन अभी तक शुरू नहीं हुआ है। मछली पकड़ने का उद्योग प्राचीन है, लेकिन इसमें भी मानव संसाधनों की कमी है। समुद्री क्षमता निर्माण पर अगर ध्यान केंद्रित किया गया होता, सहायक उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलता, तो युवाओं की कुशलता भी बड़ती और हजारों रोजगार के अवसर भी पैदा होते। फिलहाल चीन के विस्तारवादी इरादे के बारे में हमारी गलत समझ को देखते हुए चीन-भारत तनाव के बने रहने की आशंका है। हमें यह याद रखना चाहिए कि चीन के गले की नस हिंद महासागर की समुद्री गलियों में पाई जाती है। हमें हिंद महासागर के जल में चीनी नौसेना की उपस्थिति में लगातार वृद्धि देखने के लिए तैयार रहना चाहिए। नतीजतन, यह भारत के लिए अपनी समुद्री क्षमताओं के साथ-साथ अपनी समुद्री रणनीति के पुनर्मूल्यांकन का भी एक अच्छा अवसर है।

# मिल-जुलकर ही निभा पाएंगे सबको शिक्षा देने का वायदा

यह आजादी से जुड़ा महत्वपूर्ण वर्ष है, और आधुनिक भारत में ऐसी घटनाओं, लोगों, प्रवृत्तियों और विचारों की एक लंबी फेहरिस्त है, जिन्होंने स्कूली शिक्षा को आकार दिया है, फिर चाहे वह बेहतर हो या बदतर। शुरुआत मैं 19वीं सदी के मध्य से करना चाहूंगा, जब सावित्रीबाई फुले और उनके पति ज्योतिबा ने पुणे में लड़कियों के लिए तीन स्कूल शुरू किए। तमाम विरोधों के बावजूद उनके साहस ने बताया कि शिक्षा महज साक्षरता और पाठ्य-पुस्तकों तक सिमटी नहीं है, बल्कि सामाजिक सुधार की दिशा में शायद इससे बड़ी कोई ताकत नहीं है। आज पूरे देश में जिन मिशनरी स्कूलों का जाल फैला है, उनकी शुरुआत 19वीं सदी के अंत में हुई है। पहले ये स्कूल अमूमन दूसरों की तुलना में बेहतर संसाधन वाले होते थे और अमीर व गरीब, दोनों को समान रूप से लुभाते थे। पर जैसे-जैसे वक्त बीतता गया, इन स्कूलों का विस्तार तो हुआ ही, लेकिन माता-पिता का शोषण करने वाले नकली कॉन्वेंट स्कूल भी खुलते गए। भारतीय शिक्षा को चार लोगों के विचारों ने गहरे तक प्रभावित किया- शिक्षा के लक्ष्य के रूप में मानवतावाद, सार्वभौमिकता व आत्म-साक्षात्कार संबंधी रवींद्रनाथ टैगोर के विचार; आत्म-निर्भरता के लिए शिक्षा का व्यावहारिक ज्ञान संबंधी महात्मा गांधी के विचार; वास्तविक लोकतंत्र की नींव के रूप में शिक्षा संबंधी भीमराव आंबेडकर की सोच; और आत्म-मुक्ति, समानता और समग्रता पर केंद्रित शिक्षा संबंधी जे कृष्णमूर्ति की धारणा। शैक्षणिक सोच को बड़ावा देने के लिए 1961 में एनसीईआरटी की स्थापना की गई, जिसके बाद राज्यों में भी इस तरह के संस्थान खुले। 1963 में केंद्रीय विद्यालयों की शुरुआत ने यह बखूबी बताया कि सार्वजनिक व्यवस्था के तहत अच्छी शिक्षा दी जा सकती है। 1966 में कोठारी आयोग ने अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसने 1968 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जन्म दिया, जो अपनी तरह की पहली व्यापक नीति थी। 1960 के दशक की शुरुआत में तमिलनाडु सरकार ने स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना की शुरुआत की। 1981-82 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन ने इसे सांस्थानिक रूप दिया और व्यापक बनाया। अभी जो देश भर में मिड-डे मील योजना चल रही है, उसकी बुनियाद यही योजना थी। इसी तरह, 1962 में केरल शास्त्र साहित्य परिषद की शुरुआत हुई, जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बड़ावा देने के लिए आम नागरिकों की एक गंभीर कोशिश थी। वर्ष 1962 में गोरखपुर में पहला सरस्वती शिशु मंदिर खोला गया। इन स्कूलों की संख्या बड़ने पर उनके विकास में समन्वय बनाने के लिए 1977 में विद्या भारती की स्थापना की गई। हालांकि, कम फीस वाले निजी स्कूल भी काफी ज्यादा खुले, पर उनमें से ज्यादातर ने 'कॉन्वेंट व अच्छी अंग्रेजी शिक्षा' का सपना बेचा, जबकि हकीकत में वे खराब गुणवत्ता की शिक्षा देते रहे। अभिजात वर्ग के निजी स्कूल भी 1991 के बाद भारत में मध्यवर्ग के विकास के साथ विकसित हुए। माता-पिता और छात्रों की इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज में दाखिले की एकसूत्रीय कोशिश ने गणित व विज्ञान के अलावा अन्य सभी विषयों को कमतर बना दिया। इसने न सिर्फ भारत में ट्यूशन उद्योग को बड़ावा दिया और स्कूलों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को हतोत्साहित किया, बल्कि प्रवेश परीक्षाओं को महत्वपूर्ण बना दिया। साल 1986 में दूसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति आई, जिसके बाद 2020 में तीसरी। 1993 में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसका मकसद 272 जिलों में प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना था। 2001 में शुरू सर्वशिक्षा अभियान ने पूरे देश में स्कूली शिक्षा में आमूल-चूल बदलाव किया। साल 2009 के शिक्षा का अधिकार अधिनियम ने छह से 14 वर्ष के बच्चों के लिए शिक्षा को मौलिक अधिकार बना दिया। अब अगले 25 साल में भारत 100 वर्ष का हो जाएगा। उम्मीद है, हम जवाहरलाल नेहरू के शिक्षा के वायदा को पूरा कर सकेंगे- पूरी तरह से बेशक शिक्षा न दी जा सके, मगर काफी हद तक मिले। अगर ऐसा होता है, तो हम राष्ट्रीयता की भावना को भी काफी हद तक आत्मसात कर सकेंगे।

# जान-बूझकर सीबीआई का दुरुपयोग किया

विशेष पुलिस प्रतिष्ठान अधिनियम को आजादी के पूर्व वर्ष 1946 में पारित किया गया था, बाद में कई बार संशोधित किया गया। सीबीआई का संचालन, सीबीआई की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, मैं अपनी पार्टी की तरफ से यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि आज हम अयोध्या मुद्दे की चर्चा नहीं कर रहे हैं। इस मामले में हम अयोध्या का मुद्दा नहीं घसीट रहे हैं। कुछ हल्कों में यह गलत सोच है कि हम केवल अयोध्या की चर्चा में रुचि ले रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। यह घटना विशेष में विशेष अपराध से संबंधित है। उस अपराध में सीबीआई को जांच का काम सौंपा गया था, हम... सीबीआई के कार्य निष्पादन मांग पर चर्चा कर रहे हैं। मैं माननीय विधि मंत्री द्वारा व्यक्त की गई चिंता से पूरी तरह से सहमत हूं, जैसा कि समाचार-पत्रों में समाचार प्रकाशित हुए हैं कि संसद को न तो वाद-विवाद करना चाहिए, न ही सलाह देनी चाहिए, और न ही न्यायालय की कार्यवाही का मार्ग-निर्देश देना चाहिए एवं सीबीआई जैसी जांच एजेंसी को यह निर्देश नहीं देना चाहिए कि उसे किस तरह का आरोप लगाना चाहिए और किस तरह का नहीं। मैं उनके इस विचार से पूरी तरह से सहमत हूं। मैं अपनी पार्टी की तरफ से पुनः यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि इस मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए, हमारी मंशा नहीं थी और अभी भी सीबीआई को निर्देश देने की हमारी मंशा नहीं है कि उसे किस तरह का रास्ता अपनाना चाहिए और किस तरह कार्य करना चाहिए। यह हमारा काम नहीं है। मैं इससे पूरी तरह से सहमत नहीं हूं। ...न्यायपालिका का आदर किस तरह से करना है हम जानते हैं। सीबीआई का कोई भी अधिकारी हमारा दुश्मन नहीं है। संगठन के पास कई प्रतिबद्ध अधिकारी हैं। विभिन्न राज्यों के भारतीय पुलिस सेवा संवर्ग के अधिकारीगण सीबीआई के उच्च पदों पर आसीन किए जाते हैं। कई अवसरों पर उन्होंने अच्छा कार्य किया है, लेकिन तब हमने इस मुद्दे पर



वाद-विवाद का निर्णय क्यों लियाड़ ऐसा इसलिए कि हम एक संस्थान के रूप में सीबीआई की विश्वसनीयता कम नहीं करना चाहेंगे। जब मैं विश्वसनीयता की बात करता हूं, तब केंद्र सरकार सामने आती है। ...प्रधानमंत्री का वक्तव्य है, जिसे मैंने अखबारों में पड़ा कि अपराध निश्चित होने के बाद सीबीआई को वस्तुनिष्ठ और पारदर्शिता के साथ जांच करनी है। ...हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने पुनः कहा, जैसा 7 जुलाई को प्रकाशित किया गया, 'सीबीआई प्रत्यक्ष रूप से मेरे अधीन है। जैसा कि अन्य संदर्भ में पहले ही संकेत किया गया है, सरकार मानती है कि लंबित अभियोजन में हस्तक्षेप विधि अनुसार, असंभव है।'...विश्वसनीयता की बात पर मैंने प्रधानमंत्री और सदन के नेता अटल बिहारी वाजपेयी को पत्र लिखा। इसमें लिखा है, 'आपके और आपके साथी लालकृष्ण आडवाणी के प्रति बिना किसी अनादर भाव के मैंने यह पत्र लिखा है, कृपया इस पत्र पर मर्यादा, राजनीतिक नैतिकता, निष्पक्षता और प्रशासनिक न्याय की दृष्टि से ध्यान दें।' प्रधानमंत्री ने कम से कम इस पत्र की अभिस्वीकृति की, इसके लिए मैं उनका आभारी हूं। अरुण जेटली, आप सरकार की रक्षा कर सकते हैं। मैं इसका बुरा नहीं मानता। यदि मैं आपकी स्थिति में होता, मैं भी सरकार को कैसे बचाना है, इसके लिए सभी दक्षताओं को प्राप्त करने का प्रयास करता। लेकिन आप इस निर्णय की गलत व्याख्या प्रस्तुत करने का प्रयास न करें। यह कोई सही तरीका नहीं है, लेकिन इसमें हस्तक्षेप अवश्य हुआ है। किस तरहड़ ...आज सीबीआई सभी विवरणों सहित न्यायालय में प्रस्तुत किए गए अपने आरोपपत्र को दोबारा तैयार करने में असमर्थ पाती है। लोग दो माह पहले यह समझ गए थे कि तहलका टेप 'सही' है। न्यायमूर्ति वेंकटस्वामी ने कहा था, यह ठीक है और इसकी जांच करने की आवश्यकता नहीं है और पुनः अन्य न्यायाधीश आए और कह रहे हैं, 'मैं इसकी जांच करूंगा।' अच्छी बात है, वे इसकी जांच कर सकते हैं। इसमें कोई समस्या नहीं है। ... किंतु जांच एजेंसी अपनी दलील को वापस नहीं ले सकती और न्यायालय के समक्ष साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत अपनी 24 अथवा 25 टेप नहीं दबा सकती और इसने 27वीं टेप प्रस्तुत की, जो आधी खाली है। इसी को मैं हस्तक्षेप कहता हूं, इसे मैं केंद्र सरकार की ओर से सीबीआई का जान-बूझकर किया गया दुरुपयोग कहता हूं।

# आईटीएम यूनिवर्सिटी ने आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैम्पियनशिप के लिए किया क्वालिफाई




**ग्वालियर।** अपने शानदार खेल प्रदर्शन से आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर ने लगभग सारे मैच जीतते हुए आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के लिए दावेदारी दर्ज की है। आईटीएम यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स अधिकारी ने बताया कि खास बात यह है कि मध्यप्रदेश से सिर्फ आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की टीम ने ही क्वालिफाई किया है, अन्य टीम यहां तक नहीं पहुंच पाई। सिर्फ चार टीम आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर, स्वर्णिम गुजरात यूनिवर्सिटी, उदयपुर यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी आफ कोटा आखिर तक पहुंची इन चारों टीमों ने ऑल इंडिया बास्केटबॉल चैम्पियनशिप जो जनवरी में आयोजित होगी उसके लिए क्वालिफाई किया है। फिलहाल टूर्नामेंट में अब चारों टीमों की पॉजीशन के लिए लीग मैचेज आयोजित किए जाएंगे। उदयपुर में आयोजित हो रही वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बास्केट बॉल टूर्नामेंट के आखिर राउंड में बास्केट बॉल टूर्नामेंट में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर ने डॉ भीम साहेब अंबेडकर मराठावा?ा यूनिवर्सिटी औरंगाबाद को 79-66 से हराकर लीग कम नॉक आउट राउंड में प्रवेश किया। इस वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल टूर्नामेंट-2022 में 90 टीम्स ने भाग लिया। वेस्ट जोन के विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने दिन-रात फुटबॉल के मैदान में मुकाबला किया। आखिरी में चार टीमों के बीच अब पॉजीशन के लिए लीग मैचेज खेले जाएंगे।

# 17वीं राज्य स्तरीय बधिर क्रीडा प्रतियोगिता हुई




ग्वालियर । बधिर / मध्यप्रदेश क्रीडा बधिर समिति के निर्देशन और ग्वालियर बधिर सोसायटी की मेजबानी में मूक बधिरों की 17वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 10 एवं 11 दिसंबर को आयोजित की गई। दो दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न खेल प्रतियोगितायें हुई। जिसमें वालीबाल, टेबल टेनिस एवं विभिन्न एथेलेटिक्स स्पर्धायें शामिल हैं। उक्त खेलों में विभिन्न आयु वर्ग के 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमे इंदौर, सागर, जबलपुर, रीवा, छिंदवाडा, ग्वालियर के खिलाडी शामिल हुये।मूक बधिरों के कल्याण हेतु आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नगर निगम कमिश्नर किशोर कान्याल, नेता प्रतिपक्ष हरी पाल का सहयोग उल्लेखनीय रहा। उन्होंने खिला?ियों के लिये भोजन एवं रहने की व्यवस्था मुहैया कराई। टेबल टेनिस में ग्वालियर के आदित्य ने प्रथम तो मलय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इंदौर के सचिन तीसरे स्थान पर रहे। वालीबाल में जबलपुर और इंदौर का दबदबा रहा। एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में सभी स्थानों के प्रतिभागियों ने विजयश्री हासिल की। प्रतियोगिता का समापन समारोह निगम कमिश्नर किशोर कान्याल के मुख्यातिथ्य में हुआ। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष हरी पाल, सतपाल सिंह, संजय सोलापुरकर, भाग्यप्रकाश शर्मा, संजय सोनी, ग्वालियर बधिर सोसायटी के अध्यक्ष केशव श्रीवास्तव, सचिव आलोक मिश्रा, हरिओम शर्मा, देवेन्द्र तिवारी उपस्थित रहे।

# कैट का क्रिकेट मैच आज 11 दिसम्बर को

## पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि म.प्र. शासन के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा होंगे*




कैट के राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खंडेलवाल करेंगे शुभारंभ कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी क्रिकेट मैच में सहयोग करने वाले सहयोगियों को सम्मानित करेंग*- कैट महिला विंग की बैठक भी होगी, मुख्य अतिथि के रूप में महिला विंग कैट की राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती संगीता पाटिल एवं श्रीमती पूर्णिमा शिवेषकर उपस्थित रहेंगी*

*कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर टीम द्वारा आयोजित कैट-बीआईएमआर क्रिकेट प्रीमियम लीग 11 दिसम्बर को कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में प्रातः 9 बजे आयोजित की गई है। इसका शुभारम्भ कैट के राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खंडेलवाल करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संयोजक महिला विंग श्रीमती संगीता पाटिल, श्रीमती पूर्णिमा शिवेषकर एवं महाराष्ट्र कैट टीम के अध्यक्ष सचिन निवगुणे उपस्थित रहेंगे।*

*कैट के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने बताया कि सायं 4 बजे प्रीमियम लीग में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों को सम्मान और पुरस्कार कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी प्रदान करेंगे। इस अवसर पर कैट मध्यप्रदेश टीम के मुकेश अग्रवाल, राजकुमार कुकरेजा, हरिकांत समाधिया, प्रदेश सचिव विवेक मिश्रा, डॉ. प्रकाश अग्रवाल, महेश गर्ग सहित सभी प्रदेश पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।* *कैट की महिला विंग की राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती संगीता पाटिल एवं श्रीमती पूनम शिवेषकर के मुख्य आतिथ्य में सायं 3 बजे होटल सेन्ट्रल पार्क में महिला उद्यमियों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। कैट महिला विंग की अध्यक्ष साधना शांडिल्य, महामंत्री रानी बंसल ने बताया कि पहली बार आ रहीं राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती संगीता पाटिल एवं श्रीमती पूनम शिवेषकर का स्वागत किया जायेगा एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खंडेलवाल जी का उद्बोधन होगा, जो महिला उद्यमियों को मार्गदर्शित करेंगे।11 दिसम्बर को 8 टीमें क्रिकेट मैच खेलेंगी। इसमें कुल सात मैच होंगे और फायनल मैच रात्रि 8 बजे के बाद होगा। खिलाड़ियों का पुरस्कार वितरण समारोह रात्रि 9 बजे आयोजित किया गया है, जिसमें प्रदेश सरकार के गृह मंत्री माननीय डॉ. नरोत्तम मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

कैट के जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, महामंत्री मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष जे.सी. गोयल, मुख्य संयोजक विपुल गुप्ता, संयोजक नीरज चौरसिया, राहुल अग्रवाल, स्वागत अध्यक्ष आकाश जैन ने सभी व्यापारीगणों से आग्रह किया है कि वे क्रिकेट प्रीमियम लीग का आनंद उठायें । प्रवेश निःशुल्क है ।*

# जेयू के शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला में हुआ संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन एथलेटिक्स का शुभारंभ

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला में आज तीन दिवसीय संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन पुरुष महिला एथलेटिक्स का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अविनाश तिवारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव राजेंद्र कुमार बघेल ने की। विशेष अतिथि के रूप में कार्यपरिषद सदस्य शिवेंद्र सिंह राठौर,विवेक सिंह भदौरिया, संगीता चौहान,संजय सिंह यादव उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित प्रो.अविनाश तिवारी ने रंगीन गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ी भविष्य के प्रतिभावान खिलाड़ी हैं जो आगे चलकर विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. केशव सिंह गुर्जर ने दिया। कार्यक्रम में 16 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें डिस्कस थ्रो महिला में एसओएस की सौम्या पाराशर व पुरुष में शिवपुरी के अंकित लायक्रा विजेता रहे।हाई जंप पुरुष में एसएलपी के गौरव गुर्जर व 1500मीटर में गोरमी के पुष्पेन्द्र सिंह विजेता रहे। इस अवसर पर डॉ.विवेक वापट, मुख्त्यार सिंह,केके तिवारी, डॉ.लखविंदर सिंह,डॉ.रवि प्रकाश दीक्षित,त्रिलोक सिंह,हरेंद्र सिंह सिकरवार,डॉ.प्रमोद नरवरिया,उमेश राजपूत सहित संभाग के क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित थे।संचालन श्वेता भाटिया व आभार व्यक्त जितेंद्र शर्मा ने किया।



# व्यापारियों की संस्था कैट का डे-नाइट क्रिकेट मैच 11 को




ग्वालियर। देश भर में लगभग आठ करोड व्यापारियों की अग्रणी संस्था कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट)की ग्वालियर इकाई द्वारा दिसंबर रविवार को कैप्टन रूपसिंह स्टेडियम में कैट एवं बीआईएमआर क्रिकेट प्रीमियम लीग का आयोजन किया जा रहा है।उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये कैट क्र प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता एवं बीआईएमआर के महाप्रबंधक गोविंद देवडा ने बताया कि क्रिकेट मैच का आयोजन कैट द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्वालियर की कैट शाखा द्वारा अपनी सदस्य संख्या 1009 होने पर एक जश्न भी मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्रिकेट मैच के दौरान कैट परिवार एवं आमंत्रित अतिथि जहां स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठायेंगे वहीं गेम जोन में बच्चों का मनोरंजन करने के लिए स्टॉल भी लगाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए कैट आयोजन समिति द्वारा भोजन एवं गेम जोन के निशुल्क कूपन भी लगाये हैं।क्रिकेट आयोजन समिति के मुख्य संयोजक विपुल गुप्ता संयोजक द्वय नीरज चौरसिया एवं राहुल अग्रवाल ने बताया कि कैट के जिला महामंत्री मुकेश जैन के प्रयासों से आयोजन की व्यवस्थाओं को मूर्त रूप दिया गया है। इसमें जिला संयोजक दीपक पमनानी, कोषाध्यक्ष जेसी गोयल का भी सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि क्रिकेट के लिए पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 8 टीमों का चयन किया गया है। इसमें नॉक आउट आधार पर कुल सात मैच होंगे। मैच आठ ओवर का होगा । क्रिकेट मैच में विभिन्न श्रेणी में पुरस्कार भी रखे गये हैं वहीं एकल पुरस्कार भी रखे गये हैं। मैच में मनोरंजन के लिए चार चीयर लीडर को भी बुलाया गया है। वहीं ढोल ताशों से भी मनोरंजन किया जायेगा। स्कोरर और मैच एंपायर जीडीसीए के होंगे । पत्रकार वार्ता में विपुल गुप्ता, नीरज चौरसिया, राहुल अग्रवाल मुकेश जैन आदि मौजूद थे।

# आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में टेनिस वुमन्स ने दिखाई अपनी प्रतिभा




आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस वुमन टूर्नामेंट-2022-23 का आयोजन किया गया। आईटीएम यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल लेबल के सिंथेटिक टेनिस कोर्ट में सावित्री बाई फुले यूनिवर्सिटी पुणे और यूनिवर्सिटी आफ राजस्थान की वुमन टीमों के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें सावित्री बाई फुले यूनिवर्सिटी पुणे की टीम ने शानदार प्रदर्शन और कड़े मुकाबले के बीच वेस्ट जोन वुमन टेनिस टूर्नामेंट-2022 की ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। इसके साथ ही विजेता टीम को समारोह आयोजित कर पुरस्कार वितरित किये गय। इस मौके पर प्रो. चांसलर दौलत सिंह चैहान, चांसलर रूचि सिंह चैहान विशेष रूप से मौजूद रहे।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्थित इंटरनेशनल लेबल के सिंथेटिक टेनिस कोर्ट में वेस्ट जोन यूनिवर्सिटी टेनिस वुमन टूर्नामेंट में देशभर से 32 यूनिवर्सिटी टेनिस वुमन टीमों ने हिस्सा लिया। इस टूर्नामेंट में 31 नॉकआउट मैचेज खेले गये। जिनमें सावित्री बाई फुले यूनिवर्सिटी पुणे और यूनिवर्सिटी आफ राजस्थान की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जहां सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी पुणे की टीम ने जीत हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम की और दूसरे स्थान पर यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान की टीम रही। वहीं तीसरे स्थान पर यूनिवर्सिटी आफ मुंबई की टीम रही। फाइनल मुकाबले में सावित्री बाई फुले यूनिवर्सिटी पुणे टीम की खिलाड़ी पूजा और बेला और यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान टीम की खिलाड़ी रेंसे और आयुशी ने अच्छा प्रदर्शन किया।

**खिलाडी को अपने सबसे बेस्ट परफॉर्मेस पर रखना चाहिये फोकसः डॉ. एसएम तिवारी-** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में चल रही वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस वुमन टूर्नामेंट-2022-23 के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एमएस तिवारी रिटायर्ड डीन गजराराजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर शामिल हुये। डॉ. एसएस तिवारी ने कहा प्रत्येक स्पर्धा में हार और जीत एक टीम या एक खिलाड़ी के हाथों जरूर आती है। टूर्नामेंट में जीतने के बाद अपनी तैयारी पर हमेशा फोकस रखना चाहिये। लेकिन हारने के बाद निराश नहीं होनी चाहिये बल्की अगली बार की जीत के लिये और कड़ी मेहनत करनी चाहिये। किसी भी टूर्नामेंट में अगर आप हिस्सा ले रहे हैं तो हमेशा अपना बेस्ट देना चाहिये। हार और जीत किसी भी खिलाड़ी के लिये उतनी मायने नहीं रखती चाहिये, खिलाड़ी को बस अपने सबसे बेस्ट परफॉर्मेस पर फोकस करना चाहिये। उन्होंने कहा कि खेल सिर्फ फिजीकली या मेंटली ही नहीं खेला जाता बल्कि बेहर खिलाड़ी बनने और शानदार खेल प्रदर्शन के लिये इमोशनली अटैच होना भी जरूरी होता है। आज महिला शक्ति हर क्षेत्र में आगे आकर प्रदर्शन कर रही हैं। महिलाओं की सबसे पॉजिटिव बात यह है कि वह जिस क्षेत्र में प्रदर्शन करती हैं वह पूरे इमोशनली टच होकर करती हैं। महिलाएं आज अपने इमोशन का इस्तेमाल अपनी शक्ति के रूप में कर रही हैं।

**सकारात्मक सोच के साथ हर मैच अपने नाम किया जा सकता हैः प्रो चांसलर डॉ. दौलत सिंह-**पुरस्कार वितरण समारोह में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो चांसलर डॉ. दौलत सिंह चैहान ने कहा कि जिस टीम के हिस्से में हार आई है उसे निराश होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि उस टीम के खिलाड़ियों में जज्बा और टैलेंट है। कोई भी व्यक्ति और खिलाड़ी परफेक्ट नहीं होता। एक-दूसरे को फीडबैक देना जरूरी है ताकि वो खुद की कमी को दूर कर बेहतर प्रदर्शन कर सके। साकारात्मक सोच के साथ हर समस्या का समाधान संभव है। आपमें भी निश्चित ही भविष्य का टेनिस स्टार छिपा है। बस जरूरत है उसे सकारात्मक सोच के साथ निखारने की।पुरस्कर वितरण समारोह में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के वाइस चांसलर डॉ. एमएस भाकर ने सभी खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुये कहा कि इस टूर्नामेंट के सभी मैच बहुत ही इंट्रेस्टिंग रहे। सभी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्कूल आफ फिजीकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स के डीन डॉ कपिल दवे ने सभी का आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विक्रम अवार्डी अनुराग ठाकुर, विभागाध्यक्ष डॉ. विपिन तिवारी, स्पोर्ट्स आफिसर विमल शर्मा, चीफ रेफरी डॉ. मंशूर अली खान के अलावा आईटीएम यूनिवर्सिटी के डीन, एचओडी व फैकल्टी मेम्बर्स उपस्थित रहे।

## जो कमजोर वर्ग जरूरतमंदों की मदद करते है उनके साथ ईश्वर सदेव रहता है साथ बीके रेखा बहन



**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**पोरसा,,,,,** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज इमली चौक मैं सत्संग का आयोजन किया गया पोरसा के मुख्य सेवा केंद्र गांधीनगर के माध्यम से आज बी के रेखा बहन ने कहा कि हम जिस तरह से हवन में हवन सामग्री डालकर हवन में सामग्री को स्वाहा करते हैं इस हवन के साथ साथ हम सभी अपनी बुराइयों को भी स्वाहा कर दें काम क्रोध लोभ मोह अहंकार आलस अलबेलापन यह जो भी हमारे अंदर बुराइयां जगह बनाती जा रही है इसमें से अगर हमने एक बुराई भी स्वाहा कर दी तो हमारे अंदर सकारात्मक चिंतन करने की शक्ति अवश्य ही आ जाएगी और साथ में यह भी बताया अगर हमें अपने जीवन में सुख शांति प्रेम आनंद ज्ञान और पवित्रता चाहिए तो स्वयं को शांत स्वरूप आत्मा समझकर उस परमात्मा से हमें अपना रिलेशन कनेक्शन जोड़ना होगा तभी तो हम को सकारात्मक ऊर्जा मिल सकेगी परमात्मा से जब हमारा कनेक्शन अर्थात् परमात्मा से हमारा मिलन हो जाता है मिलन अर्थात उनका आशीर्वाद मिल जाता है तो स्वता ही हमारे जीवन से अशांति अपवित्रता और अशुद्धता चली जाती है आज हम सभी प्रतिज्ञा करें कि आज से हम ना बुरा सोचेंगे ना बुरा बोलेंगे ना बुरा करेंगे ना बुरा सुनेंगे अभी हम भारत माता की संतान कहलाएंगे मुख्य रूप से उपस्थित रहे घनश्याम वर्मा बेबी वर्मा सीमा वर्मा शिवानी वर्मा रोहित वर्मा ज्योति वर्मा लक्ष्मी वर्मा सुमन वर्मा गीता शर्मा कमला सुमन संगीता बीके सुभाष आदि लोग उपस्थित रहे

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने शहर के विभिन्न रेस्टोरेंट का किया औचक निरीक्षण

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** दमोह कलेक्टर एस.कृष्ण चैतन्य द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन अधिकारी डॉ. संगीता त्रिवेदी के मार्गदर्शन पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश अहिरवाल ने कार्यवाही करते हुए दमोह शहर के विभिन्न रेस्टोरेंटों पर निरीक्षण कर कार्यवाही करते हुये तैयार हुई खाद्य सामग्री एवं भोजन के नमूनें जांच हेतु लिए। दमोह शहर में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश अहिरवाल ने स्टेशन रोड स्थित अरिहंत वेज रेस्टोरेंट मैनेजर वीरेंद्र ठाकुर से बटर पनीर मसाला एवं सिंघई किचिन मैनेजर हर्षित सिंघई से पनीर बटर मसाला के नमूनें जांच हेतु लिए गए है। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।मैजिक बॉक्स की सहायता से पनीर, दही, हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला, आटा, मैदा, बेसन आदि की जांच की गई है। सभी रेस्टोरेंट में डूड लाइसेंस की प्रति स्पष्ट रूप से लगी हुई पाई गई है एवं डूड हाइजीन का स्तर अच्छा पाया गया है। सभी रेस्टोरेंट का फोस्कोरिस एप की सहायता से ऑनलाइन निरीक्षण किया गया है। मौके पर कार्यरत कर्मचारियों के वार्षिक मेडिकल परीक्षण सर्टिफिकेट, पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट, वाटर टेस्ट रिपोर्ट पाए गए हैं। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



## बांदकपुर मंदिर ट्रस्ट कमेटी की बैठक हुई



**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** आगामी बसंत पंचमी मकर संक्रांति शिवरात्रि के महापर्व के चलते देव श्री जागेश्वर नाथ जी मंदिर ट्रस्ट कमेटी की बैठक हुई। देव श्री जागेश्वर नाथ जी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि ट्रस्ट कमेटी की बैठक रखी गई थी, जिसमे आगामी पर्वों पर देव दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो एवं मेला परिसर में पानी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। वहीं मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पं. रामकृपाल पाठक के कुशल प्रबंधन को देखते हुए ट्रस्ट कमेटी के मंत्री पंकज हर्ष श्रीवास्तव सहित ट्रस्ट के समस्त लोगो ने उन्हें तिलक लगाकर एवं पुष्पहार पहनाकर उनका सम्मान किया।

## हाथ से हाथ जोड़ो व बचन पत्र के संबंध में संगोष्ठी बैठक कल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । 21-12 2022 को समय 12-00 से जिला कांग्रेस कार्यालय बी टी आई रोड पर हाथ से हाथ जोड़ो वा प्रदेश में बनने जा रहे हैं कांग्रेस के वचन पत्र के सुझाव हेतु कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रमुख रुप से राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी पूर्व विधायक वरिष्ठ कांग्रेस नेता फूल सिंह बरैया भिंड जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी श्री वासुदेव शर्मा व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा उपस्थित होगे । सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदेश के पदाधिकारी विधायक पूर्व विधायक पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी मोर्चा संगठन के अध्यक्ष पदाधिकारी सभी पार्षद व पूर्व पार्षद मंडलम सेक्टर के पदाधिकारी गण सभी लोगों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थिति होने कि अपील की है।

## अम्बाह एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा के कडे निर्देश आकस्मिक निरीक्षण पुलिसिंग गश्त में लापरवाही गई तो हो सकती है कारवाही

**अम्बाह...** एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा ने कहा है कि सम्पूर्ण अम्बाह डिबीजन में अगर आप रात्रिकालीन पुलिस गशत पर ड्यूटी करते हैं तो सतर्क हो जाएं। अब ऐसी ढिलाई नहीं चल पाएगी, अगर आप गश्त के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं या सो रहे हैं तो सख्त कार्रवाई के लिए भी तैयार रहें। दरअसल, मुरैना पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी जी ने रात्रि गश्त की नई योजना तैयार की जारही है नई गश्त व्यवस्था के तहत अब पुलिसकर्मियों की हाजिरी का अंकन अब चैकिंग बुक के दौरान किया जाएगा। साथ ही अब सभी बीट प्रभारी अपनी अपनी बीट में गश्त करे मुरैना जिले में दिसम्बर जनबरी में सर्दी के साथ बड़ती चोरियों व आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक आसुतोष बागरी ने रात्रिगश्त को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए हैं। सभी थानों में नई व्यवस्था शुरू हो जाना चाहिये नही तो परिणाम ठीक नही होगे। पुलिस के प्वाइंट्स के आधार पर जिला मुख्यालय, नगरों, बड़े कस्बों में गश्त करनी होगी। उन्होंने रात्रि गश्त व्यवस्था के लिए सभी तैयारियां पूरी करने के शक्त निर्देश दिये है रेतमाफिया शराब माफियाओ पर कारबाही करे हम अच्छे कार्य करने बाले पुलिस परिबारीजनो को 26 जनवरी पर पुरूस्कार से सम्मानित करेगे दूसरा यह भी कहा है जो जो थाना प्रभारी जब से पोस्टेट हुऐ है उन्हौने अपने कार्यकाल में कितना निकाल बर्तमान में किया है और कितना पुराने पेडिग अपराधो में किया है जिनका रिकॉर्ड अच्छा मिलेगा उन्है हम इनाम देगे जिनके परिणाम सही नही है उन्है हटाया जायेगा यह बिल्कुल सत्य है उन्हौन ने कहा है कि रात्रि गश्त करने वालों को रास्ते बदल-बदल कर निर्धारित बीट में गश्त करनी होगी। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ, धार्मिक स्थलों की चैकिंग करने के साथ इसका उल्लेख बताना होगा गश्त के दौरान पाई गई विशेष परिस्थितियों के उल्लेख सहित एक रिपोर्ट प्रतिदिन पुलिस अधीक्षक को भेजी जाएगी। पुलिस अधीक्षक इसकी मॉनिटरिंग करेंगे तथा व्यवस्था को मुस्तैद रखेंगे। रात्रि में नई गश्त व्यवस्था के आदेश मिले हैं। इससे व्यवस्था में सुधार होगा, इसके साथ ही बदमाशों में भी भय रहेगा।क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर, समाजकंटक, सक्रिय वांछित अपराधियों, धार्मिक स्थलों की आदि की जानकारी होगी। गश्त व्यवस्था में स्थानीय नागरिकों, सिक्योरिटी का भी सहयोग लिया जाएगा।



## लहार पुलिस ने लूट की योजना बनाते हुए 02 आरोपियों को मय हथियार एवम वहान के साथ किया गिरफ्तार

### थाना प्रभारी लहार शिव सिंह यादव की धमाकेदार कार्यवाही



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार-** पुलिस अधीक्षक महोदय शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे के निर्देशन से एवं एसडीओपी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लहार शिव सिंह यादव को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ अज्ञात लोग एक बुलेरो वहान में बारदात की नीयत से खड़े है मुखबिर की सूचना पर तुरत तस्तीक करते हुए लहार में स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास लूट की योजना बनाते दो आरोपीगण बुद्धे उर्फ राजवीर कुशवाह पुत्र रामदास कुशवाह निवासी ग्राम बरहा थाना असवार जिला भिण्ड़ 2. राजकुमार पुत्र विदुर नाई उम्र 35 साल निवासी ग्राम रमपुरा थाना रावतपुरा जिला भिण्ड़ को मय 315 बोर का देशी कट्टा व 03 जिंदा कारतूस, एक लोहे की रोड, एक बड़ा सरीता कटर व महिन्द्रा बुलेरो गाडी क्र. स्क्क32.ष्ट 1504 के साथ किया गिरफ्तार।दिनांक 19.12.2022 के दरम्यानी रात्री मे विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई है कि एक सफेद रंग की बुलेरो गाडी क्र. स्क्क32 ष्ट 1504 में ॥क्क पेट्रोल पंप कस्बा लहार के पास (04-05 आदमी बैठ कर ॥क्क पेट्रोल पंप को लूटने की योजना बना रहे है। मुखबिर की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को बता कर थाना पर उपस्थित बल की दो टीम बना कर एक जुटता के साथ कार्य करने बाबत दोनो टीमों को ब्रीफ करके मुखबिर के बताये हुए स्थान ॥क्क पेट्रोल पंप लहार दबोह रोड के लिए रवाना हुए। मुखबिर बताये स्थान से थोड़ा पहले रुक कर गाडियों से नीचे उतर कर देखा तो मुखबिर के बताये स्थान अनुसार थोड़ा आगे रोड़ के किनारे एक बुलेरो गाड़ी खड़ी दिखायी दी जिसमे 04-05 व्यक्ति बैठे थे। उनकी नजरों से बच कर छुपते छुपाते दबे पाँव उनकी बुलेरो गाड़ी के पास जाकर सुना तो वे सभी आपस मे हथियार के साथ ॥क्क पेट्रोल पंप लहार को लूटने की योजना बना रहे थे। पूर्ण विश्वास होने से हमराह स्टाफ़ की मदद से बुलेरो गाड़ी में बैठे लोगों को पकड़ने का प्रयास किया जो उनमे से 02 लोग पकडे गये व उनके 03 साथी अंधेरे का फायदा उठा कर भागने मे सफल रहें। पकड़े गये दोनो आरोपियों ने अपना नाम पता 1. बुद्धे उर्फ राजवीर कुशवाह पुत्र रामदास कुशवाह निवासी ग्राम बरहा था असवार जिला भिण्ड़ 2. राजकुमार पुत्र विदुर नाई उम्र 35 साल निवासी ग्राम रमपुरा थाना रावतपुरा जिला भिण्ड का बताया जामा तलाशी पर उनके पास से एक देशी कट्टा 315 बोर 03 जिंदा राउण्ड, एक लोहे की रोड, एक बड़ा सरौता कटर व महिन्द्रा बुलेरो गाडी क्र. स्क्क32 ष्ट 1504 को जब्त कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध क्र. 392/2022 धारा 399,402 भादवि. 25.27 आर्म्स एक्ट, 11/13 एमपीडीपीके एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपियो से फरार हुए आरोपियों के बारे मे पूछताछ की जा कर गिरफ्तार शुदा दोनो आरोपियों को माननीय न्यायालय लहार पेश कर उपजेल लहार में निरूद्ध कराया गया।उक्त कार्यवाही में निरीक्षक शिव सिंह यादव थाना प्रभारी लहार, उनि मदन सिंह, का प्रआर. 501 रामराज गुर्जर, का. प्रआर. 355 राजेन्द्र सिंह, का प्रआर. 551 सुनील शर्मा, आर 1215 शैलेन्द्र सिंह, आर. 93 मनीष जादौन, आर. 48 जयकुमार, आर. 152 दीपेन्द्र सिंह, आर 356 रविकांत शर्मा, आर. 08 उदयभान सिंह तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 गोहद में अभिभावक सम्मेलन संपन्न



**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद-भिण्ड।** अभिभावक सम्मेलन संपन्न गोहद शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 गोहद जिला भिंड मैं आज अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया इस आयोजन में अभिभावक के रूप में मातृशक्ति को आमंत्रित किया गया था कार्यक्रम के प्रारंभ में वीरता की प्रतिमूर्ति रानी लक्ष्मीबाई एवं सरस्वती माता का पूजन किया गया तत्पश्चात मध्य प्रदेश गान और वंदे मातरम के गान से कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया अतिथि स्वागत पश्चात आई हुई अभिभावक महिलाओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए तथा अभिभावकों की भूमिका के बारे में बात करते हुए शिक्षा के सुधार के बारे में चर्चा की गई कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक आचार बृजमोहन शर्मा द्वारा वर्तमान संदर्भ में बालक बालिकाओं के सर्वांगीण विकास में माताओं की भूमिका एवं शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में अध्यक्षता पालक शिक्षक संघ श्रीमती अन्नू भाई द्वारा की गई कार्यक्रम का संचालन श्रीमती किरण शुक्ला द्वारा किया गया इस अवसर पर श्री करण सिंह चौरसिया रविंद्र सोनी श्यामसुंदर राठौर रेखा प्रजापति जितेंद्र शर्मा ज्योति शर्मा सुनीता पहाड़िया के साथ-साथ अब आपके रूम में माता बहनों उपस्थित रही अंत में रविंद्र सोनी शिक्षक द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों का किराया 7 महा से नहीं मिला सीटू

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** आंगनवाड़ी केंद्रों का किराया पिछले 7 माह से नहीं मिला है और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को पिछले 3 माह से मानदेय नहीं मिला है निजी भवनों में चलने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों का किराया यदि अतिशीघ्र नहीं मिला तो मकान मालिक आंगनवाड़ी केंद्रों का सामान बाहर फेंक सकते हैं जिसमें भाजपा राज्य सरकार की बेइज्जती होगी जिला कार्यालय अधिकारी को 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन सीटू ने सौंपा उक्त बात आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन सीटू जिला संयोजक ममता भदोरिया एवं सेंटर ऑफ इंडिया ट्रेड यूनियन सीटू के जिला महासचिव अनिल दौनेरिया ने संयुक्त रूप से प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जानकारी दीदोनों नेताओं ने आगे बताया की स्टेशनरी के नाम पर ड़62 प्रतिमाह काटे जा रहे हैं लेकिन आंगनबाड़ी केंद्रों को रजिस्टर और स्टेशनरी प्राप्त नहीं हो रही मंगल दिवस मनाने के लिए 2016 से एक रुपए आंगनवाड़ी केंद्रों को प्राप्त नहीं हुआ है शासकीय भवनों में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की पुताई मरम्मत सात सज्जा के लिए अक्टूबर 2022 में ड़8000 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के खाते में आए थे जो सुपरवाइजरो ने वापस लेकर कुछ भवनों की केवल पुताई कराई है इतना ही नहीं 2018 में आंगनबाड़ी केंद्रों पर कुर्सियां खरीदने एवं अन्य सामान खरीदने के लिए ड़3000 कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के खातों में प्राप्त हुए थे लेकिन वह भी सुपरवाइजरो ने वापस ले लिए और आंगनवाड़ी केंद्रों पर कुर्सियां एवं अन्य सामग्री नहीं पहुंची है आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का समस्त कार्य इंटरनेट के जरिए होता है इसलिए नेट का पैसा के जरिए होता है उन्हें प्रतिमान नेट का पैसा प्रति माह दिया जाए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं को महा की 5 तारीख को मानदेय दिया जाए आन्दोलन के समय काटा गया मानदेय वापिस दिया जाय ज्ञापन देने वालों में साधना भदौरिया अनिल दौनेरिया रेखा श्रीवास्तव सीटू जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सेंगर प्रतिभा सिंह भदोरिया दीपलता शाक्य रामकुमारी मिश्रा कलपना चौधरीआदि।

### अधिवक्ताओं की सुरक्षा व्यवस्था की उठी मांग

## मुल्जिमानों की जल्द गिरफ्तारी हो रोहित पुण्डीर एडवोकेट

**ब्यूरो चीफ सोनू कुमार माथुर**

एटा कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन एटा के सभागार में शिवशंकर दुवे एडवोकेट फिरोजाबाद की हत्या होने पर बार के सम्मानित पदाधिकारीगणो/सदस्यों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण अधिवक्तागनो ने रखा।और इसके बाद बार के महासचिव रोहित पुण्डीर एडवोकेट के नेतृत्व में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन द्वारा जिलाधिकारी,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी को सौपा।इस अवसर पर एटा बार ने अधिवक्ता प्रोटेक्सन एक्ट की मांग की।और मृतक अधिवक्ता शिवशंकर दुवे एडवोकेट के परिजनों के लिए एक सरकारी नोकरी व 500000/-पचास लाख रुपए की मांग की है।फिरोजाबाद के अधिवक्ता की हत्या पर एटा के अधिवक्ताओ में काफी रोष व्याप्त है।इस अवसर पर पंकज कुमार एडवोकेट ने कहा कि सरकार को अधिवक्तागणो की सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए, और दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तत्काल कार्यवाही करनी चाहिए।अन्यथा मृतक अधिवक्ता के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए एटा बार के अधिवक्ता आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जायेगे।इस अवसर पर पंकज कुमार एडवोकेट, बार के पूर्व अध्यक्ष बी पी सिंह एडवोकेट,महासचिव रोहित पुण्डीर एडवोकेट, ब्रजराज सिंह एडवोकेट, शैलेंद्र कुमार एडवोकेट ,कृष्ण पाल सिंह एडवोकेट, दीपक पाठक एडवोकेट, दिनेश यादव एडवोकेट, रूपराम सिंह वर्मा एडवोकेट, सतीश कुमार एडवोकेट, लोकेंद्र सिंह एडवोकेट, संजय उपाध्यय एडवोकेट ,बृजेश कुमार एडवोकेट,आरती यादव एडवोकेट, सरिता एडवोकेट ज्ञानेंद्र गौतम एडवोकेट,दीपक भारद्धाज, मनोज चौहानआदि लोग उपस्थित रहे।



## कन्नडा हब्बा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** -जन्मभूमि सेवा ट्रस्ट द्वारा एनआर कॉलोनी स्थित डॉ सी अश्वत कला भवन में आयोजित कन्नडा हब्बा कार्यक्रम में विविध क्षेत्रों में सेवा देने वाले साधकों को हैम्मेय कन्नाडिगा कन्नड़ती पुरस्कार से सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष रवि, मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा सेवा परोपकार एवं देशभक्ति धर्म का असली स्वरूप है सेवा मनुष्य का स्वभाव है ट्रस्ट के सदस्यों ने मुणोत को सम्मानित किया

### अंतर्राजीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

## आयोजक जय जगन्नाथ बैडमिंटन क्लब गोहरापदर के द्वारा अंतर्राज्यीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**64 टीमों ने लिया हिस्सा विजेता रहे इरफ़ान एण्ड पार्टनर बलांगीर उड़ीसा उप विजेता रिंकु एण्ड पार्टनर भिलाई छत्तीसगढ़**



**संवाददाता हेमचंद नागेश कि रिपोर्ट**

मैनपुर - गरियाबंद जिले के मैनपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम गोहरापदर में 17 व 18 दिसम्बर को रात्रिकालीन युगल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ओडिसा से बलांगीर,भवानीपटना,खरियार,जयपाटना,जूनागढ़,चन्दाहांडी व छत्तीसगढ़ से भिलाई,रायपुर,जगदलपुर,कोंडागाव,नगरी,कुरुद,मैनपुर,देवभोग के दुर-दु से 64 टीमों ने हिस्सा लिया। दो दिनों के इस प्रतियोगिता में काफी मजेदार व रोमांचक मैच देखने को मिला। जय जगन्नाथ बैडमिंटन क्लब गोहरापदर के द्वारा ये प्रतियोगिता रखी गई थी इस प्रतियोगिता में इरान एंड पार्टनर बलांगीर ओ?िसा की टीम बाजी मारते हुए विजेता का खिताब हासिल करने में कामयाब रहा एवं भिलाई छत्तीसगढ़ के रिंकू एंड पार्टनर उप विजेता रहे। प्रतियोगिता का समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री गोवर्धन सिंह मांझी जी,श्री पुनीत राम सिन्हा,श्री गुरुनारायण तिवारी,श्री मेघराम बघेल,श्री अल्तमस खान ,श्री सुरेन्द्र धीरहे देवभोग से लाला भाई एवं तायल जी आयोजक क्लब के सदस्य- राजेश दौरा,डिलेश्वर शर्मा,खुमेश साहू,संजय मिश्रा,चंद्रप्रकाश साहू,जागेश्वर पाडे,तसरी खान,पिंटू,अरसद, प्रभात,भगवानो पांडे,सुरेंद्र धीरहे आदि उपस्थित रहे

## राजीम मांघी पुन्नी मेला रात्रि कालीन कार्यक्रम में प्रस्तुति देने हेतु कुमारी सोनम यादव ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

गरियाबंद राजिम मांघी पुन्नी मेला में रात्रि कालीन कार्यक्रम में अपना प्रस्तुति देने के लिए कुमारी सोनम यादव ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन सोनम यादव पिता महेश यादव कक्षा सातवीं की छात्रा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धवलपुर में पढ़ाई कर रही है। कुमारी सोनम यादव वनांचल क्षेत्र गरियाबंद जिला के सबसे नन्हीं छत्तीसगढ़ी लोक गायिका है। कुमारी सोनम यादव पिछले साल भी राजिम मांघी पुन्नी मेला में राज्य उत्सव जिला गरियाबंद में लोक कलाकार छाया चंद्राकर के साथ महासमुंद जामगांव मैनपुर बागबाहरा में भी अपना प्रस्तुति दे चुकी है। कुमारी सोनम यादव ने कहा मैं स्कूल पढ़ाई के साथ साथ छत्तीसगढ़ के लोक विद्या के क्षेत्र में पारंपरिक लोकगीत जैसे सुआ, करमा, ददरिया, पंथी, राऊत नाचा, होली गीत, जसगीत, तीजागीत, पोलागीत, छेरछेरा गीत, गणेश वंदना, देवी वंदना, एवं अन्य पारंपरिक एल्बम निर्माता एवं निर्देशक मोहन सुंदरानी वीडियो वर्ल्ड रायपुर में ऑडियो एवं वीडियो मेरे गाना रिलीज हो चुकी है। पिछले साल की भांति इस साल भी राजीम मांघी पुन्नी मेला में अपना प्रस्तुति देने के लिए युवा कांग्रेस बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा महासचिव एवं वेद राज्य संघ जिला सचिव और मंगदा यादव समाज जिला सचिव गरियाबंद यशवंत कुमार यादव के नेतृत्व में कुमारी सोनम यादव, माधव यादव ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।



## झलक दिखला जा-10 में नहीं होंगी कुंडली भाग्य की प्रीता



कुंडली भाग्य फेम एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या के 10 का हिस्सा होने की खबरें पिछले काफी वक्त से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हालांकि फैंस को उस वक्त काफी निराशा हुई जब शो के लॉन्च इवेंट में एक्ट्रेस वहां नजर नहीं आईं। कुंडली भाग्य की प्रीता, यानि एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या ने अब एक सोशल मीडिया पोस्ट करके फैंस को बताया है कि वह इस शो का हिस्सा नहीं हैं। श्रद्धा आर्या ने अपने शो में नहीं होने की बात तो कही ही है, लेकिन साथ ही उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा, %मुझे पता है कि आप सभी मायूस हैं। लेकिन ये सच है। मैं झलक 10 का हिस्सा नहीं हूं। मैं जानती हूं कि आप सब मेरा भला ही चाहते हैं लेकिन अभी 24 दिन कुंडली भाग्य को देने के बाद और 6 दिन खुद को और अपनी शादीशुदा जिंदगी को देने के बाद मेरे पास कहीं और देने को वक्त ही नहीं बचा है। श्रद्धा आर्या ने लिखा, मैं अपनी जिंदगी को बहुत मुश्किल भी बना सकती थी और एक बार में 2 शोज कर सकती थी लेकिन मैं उन दोनों ही शोज में अपना बेस्ट नहीं दे पाती। साथ ही अगर मैं झलक का हिस्सा बनती तो मुझे वो शो जीतना भी था। उम्मीद है कि आप सब मेरी फीलिंग्स समझ रहे होंगे। बता दें कि श्रद्धा आर्या ने भले ही शो छोड़ दिया लेकिन धीरज धूपर ने ऐसा नहीं किया। श्रद्धा आर्या के पूर्व को-स्टार शो के लॉन्च में नजर आए और शो में करण लूथरा का किरदार निभाने वाली धीरज जल्द ही शो में जजेस के सामने अपने डांस का जलवा दिखाते नजर आएंगे। बता दें कि इस सीजन में शिल्पा शिंदे, पारस कलनावत और निया शर्मा जैसे सितारे शामिल हुए हैं।

# लचेयर पर बैठकर अवॉर्ड शो में पहुंचीं शिल्पा शेट्टी



बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी व्हीलचेयर पर एक अवॉर्ड शो में पहुंचीं। पिछले दिनों उनके पैर में चोट लग गई थी जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को इस बारे में बताया था। शिल्पा अच्छी तरह जानती हैं कि अपने फैंस का अटेंशन किस तरह लेना है। हाल ही में वह एक वॉकर और व्हीलचेयर की मदद से अवॉर्ड शो में जा पहुंचीं, जिसकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हैं। शिल्पा शेट्टी ने स्टाइलिश मल्टीकलर ड्रेस पहनी थी और अपने लुक का पूरा ध्यान रखा था। शिल्पा शेट्टी वॉकर की मदद से गाड़ी से बाहर आईं और फिर उनका एक असिस्टेंट व्हीलचेयर की मदद से उन्हें अवॉर्ड फंक्शन में लेकर आया। इस दौरान तस्वीरें लेने के लिए पापाराजी आपस में होड़ लगाते दिखाई पड़े। बता दें कि एक अपकमिंग फिल्म की शूटिंग के दौरान शिल्पा शेट्टी के पैर में फ्रैक्चर हो गया था। वह कम से कम 6 हफ्तों तक बेड रेस्ट पर रहेंगी। चोट लगने के तकरीबन 10 दिन बाद ही शिल्पा शेट्टी ने योग करते हुए अपना एक वीडियो शेयर कर दिया था जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि स्ट्रेचिंग




नहीं करने की कोई वजह नहीं है। बता दें कि शिल्पा शेट्टी अपनी फिटनेस और स्ट्रिक्ट रूटीन के लिए जानी जाती हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही रोहित शेट्टी की अपकमिंग वेब सीरीज में नजर आएंगी जिसे वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा। सीरीज के टीजर पहले ही काफी चर्चा में रहे हैं।

# अनन्या पांडे और तारा सुतारिया ने शेयर किया एक दूजे का मजेदार क्लिप



बॉलीवुड सेलेब्स अक्सर सिर्फ ऑनस्क्रीन ही नहीं ऑफस्क्रीन भी दोस्त होते हैं और कई बार एक दूसरे के साथ मस्ती करते नजर आते हैं। ऐसे ही कुछ स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 में नजर आ चुकीं तारा सुतारिया और अनन्या पांडे ने हाल ही में किया। तारा और अनन्या ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक दूसरे को स्पॉट करने का एक छोटा सा वीडियो क्लिप शेयर किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। फैन्स इसे मजेदार बता रहे हैं। दरअसल हाल ही में अनन्या पांडे और तारा सुतारिया सफर के दौरान एक दूसरे से टकरा गए, ऐसे में उन्होंने अपनी इस मुलाकात को सोशल मीडिया पर शेयर किया। अनन्या ने तारा का एक छोटा सा क्लिप शेयर किया है, जिस में एक्ट्रेस जीभ चिढ़ाती नजर आ रही हैं। इसके साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा- एस(तारा) स्पॉटिड। वहीं तारा ने भी अनन्या का एक क्लिप शेयर किया, जिस में वो सीट के पीछे से अचानक कैमरे में नजर आती हैं और फनी एक्सप्रेशन देती हैं। तारा ने इसके साथ कैप्शन में लिखा- हर जगह मेरा पीछा करते हुए। गौरतलब है कि अनन्या पांडे ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इसके बाद अनन्या पांडे कार्तिक और भूमि के साथ फिल्म पति पत्नी और वो और ईशान खट्टर के साथ फिल्म खाली पीली में नजर आईं। वहीं आखिरी बार वो विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म लाइगर में नजर आई थीं, जिसकी एक्टिंग के लिए उन्हें काफी ट्रोल किया गया है।। अनन्या पांडे जल्दी ही खो गए हम कहां में भी जलवा बिखेरती नजर आएंगी। बता दें कि तारा सुतारिया के करियर की शुरुआत टीवी शोज से हुई थी। इसके बाद साल 2019 में फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से उन्होंने बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्म में उनके साथ टाइगर श्रॉफ और अनन्या पांडे नजर आई थीं। इसके बाद वो सिद्धार्थ के साथ मरजावां, अहान शेट्टी के साथ तड़प, टाइगर श्रॉफ के साथ हीरोपंती 2 में नजर आईं। तारा की आखिरी रिलीज फिल्म एक विलेन रिटर्न्स है, जिस में अर्जुन कपूर, जॉन अब्राहम और दिशा पाटनी भी थे। तारा ने अपने करियर में अभी तक एक भी हिट फिल्म नहीं दी है।



## विराट कोहली के डिप्रेशन पर केआरके का ट्वीट





अभिनेता व क्रिटिक केआरके सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और अक्सर अलग- अलग मुद्दों पर अपनी राय बेबाकी से रखते हैं। केआरके सिनेमा से लेकर राजनीति और देश- विदेश के मुद्दों पर ट्वीट करते हैं और इस बीच उन्होंने क्रिकेटर विराट कोहली के डिप्रेशन पर अपनी राय रखी है। केआरके ने विराट के डिप्रेशन के लिए अनुष्का शर्मा को जिम्मेदार बताया है। केआरके के इस ट्वीट पर वो ट्रोल हो रहे हैं। केआरके ने विराट कोहली के एक कोट पोस्टर को अपने ट्विटर पर शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने ट्वीट में विराट के डिप्रेशन के लिए अनुष्का शर्मा को जिम्मेदार बताया है। केआरके ने अपने ट्वीट में लिखा, विराट कोहली भारत के पहले क्रिकेटर हैं,जो डिप्रेशन से जूझ रहे हैं। ये है रिजल्ट एक हीरोइन से शादी करने का। उसने जरूर इसके दिमाग में डाला होगा कि वो डिप्रेशन से जूझ रहा है। बता दें कि केआरके ने जो विराट का पोस्टर शेयर किया है, उस पर लिखा है, मुझे इस बात को एक्सेप्ट करने में कोई शर्म नहीं है कि मैं मेंटली डाउन हूं और ये बहुत ही आम बात है। लेकिन हम इस बारे में बात नहीं करते हैं क्योंकि हम झिझकते हैं, क्योंकि हम मानसिक तौर पर कमजोर नहीं दिखना चाहते हैं। मेरा विश्वास करें, ताकतवर होने का दिखावा करना कमजोर होने से ज्यादा बुरा है। केआरके का ये ट्वीट तेजी से वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया यूजर्स इस पर रिएक्ट कर रहे हैं। अधिकतर सोशल मीडिया यूजर्स केआरके को इस ट्वीट की वजह से ट्रोल कर रहे हैं। केआरके को कई सोशल मीडिया यूजर्स ने किसी और की पर्सनल लाइफ पर तंज कसने को लेकर ट्रोल किया है। केआरके के लिए कुछ विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के फैन्स ने भद्दे शब्दों तक का इस्तेमाल किया है।

## ससुराल गेंदा फूल पर एन्जॉय करती दिखीं प्रियंका चोपड़ा की बेटी मालती मैरी



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया पर अपने और अपने परिवार के फोटोज और वीडियोज शेयर करती हैं, जिन्हें फैन्स काफी पसंद करते हैं। इस बीच प्रियंका ने बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस का एक वीडियो शेयर किया है, जिसे फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में ससुराल गेंदा फूल दरअसल अभी तक प्रियंका और निक ने बेटी मालती का चेहरा नहीं दिखाया है, लेकिन अक्सर उसके फोटोज और वीडियोज शेयर करते हैं। ऐसे में अब एक लेटेस्ट वीडियो में प्रियंका ने मालती मैरी को एन्जॉय करते दिखाया है। वीडियो में मालती की पीछे से शूट किया गया है, जिससे उसका चेहरा नहीं दिख रहा है। वहीं साथ में ससुराल गेंदा फूल बज रहा है और ऐसा लग रहा है कि मालती उस गाने को एन्जॉय कर रही हैं। प्रियंका के इस वीडियो को सोशल मीडिया यूजर्स काफी पसंद कर रहे हैं। वीडियो लेट नाइट (इंडियन टाइम के लिहाज से) शेयर करने की वजह से अधिक इंडियन सेलेब्स और फैन्स का इस पर रिएक्शन अभी तक नहीं आया है, लेकिन बावजूद इसके पोस्ट पर लाखों में व्यूज और लाइक्स हो चुके हैं। फरहान अख्तर के साथ ही कई हॉलीवुड सेलेब्स ने इस पोस्ट को पसंद किया है। याद दिला दें कि इस साल जनवरी में सेरोगेसी से मालती का जन्म हुआ था। गौरतलब है कि प्रियंका चोपड़ा की आखिरी बॉलीवुड फिल्म द व्हाइट टाइगर थी। वहीं उसके बाद वो हॉलीवुड फिल्म द मेट्रिक्स रेसररेक्शन्समें नजर आई थीं। बात प्रियंका के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की करें तो वो कटरीना कैफ और आलिया भट्ट के साथ फिल्म जी ले जरा में नजर आएंगी। इसके अलावा प्रियंका के खाते में हॉलीवुड फिल्म सिटाडेल और अभिनेता एंथोनी मैकी संग एक्शन फिल्म एंडिंग थिंग्स भी शुमार है।





## पायल रोहतगी के वेडिंग रिसेप्शन में पहुंचीं अंजलि अरोड़ा



सोशल मीडिया स्टार अंजलि अरोड़ा को रियलिटी शो 'लॉकअप' के बाद खूब पॉपुलैरिटी मिली। उनके वीडियोज आए दिन वायरल होते रहते हैं। शनिवार को पायल रोहतगी और संग्राम सिंह की शादी का रिसेप्शन आयोजित किया गया। पायल और संग्राम ने बेहद निजी तरीके से शादी की थी। उन्होंने रिसेप्शन में कई जाने-माने लोगों को बुलाया। इस दौरान अंजलि अरोड़ा भी पहुंचीं। अंजलि और पायल 'लॉकअप' में हिस्सा ले चुकी हैं। अंजलि इस दौरान ब्लैक और ऑफ व्हाइट कलर के लहंगे में नजर आईं। उन्होंने पपराजी के सामने पोज दिए। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा और रेड कलर की लिपस्टिक लगाई थी। वीडियो को विरल भयानी ने शेयर किया है। अंजलि का यह वीडियो आते ही यूजर्स उनके फेक एमएमएस को लेकर ट्रोल करने लगे। एक यूजर ने कहा, 'एमएमएस लीक के बाद ये फिर से आ गई।' एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'पार्ट 2 कब आ रहा है।' एक अन्य ने लिखा, 'ये वहां भी वीडियो बनाएगी।' एक यूजर लिखता है, 'वीडियो देखी?' वहीं कई अन्य ने उन पर भद्दी टिप्पणियां भी कीं। बता दें कि इंटरनेट पर एक अश्लील वीडियो वायरल हुआ जिसके साथ दावा किया गया कि उसमें नजर आ रही लड़की अंजलि अरोड़ा है। बाद में अंजलि ने ट्रोलिंग पर चुप्पी तोड़ी और कहा कि उनका भी परिवार है और ये सब चीजें उन्हें झेलनी पड़ रही हैं। सिद्धार्थ कनन के साथ बातचीत में अंजलि ने कहा कि उनका नाम लेकर उन्हें बदनाम किया जा रहा है।

## क्या आलिया भट्ट की फिल्म गंगुबाई काठियावाड़ी ऑस्कर में बना पाएगी जगह



आलिया भट्ट और संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगुबाई काठियावाड़ी इसी साल रिलीज हुई है। इस फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लेकिन फिल्म की उपलब्धियां यहीं खत्म नहीं हुई। ऐसी खबर आ रही है कि ये क्राइम ड्रामा फिल्म बाकी कुछ फिल्मों के साथ ऑस्कर के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि में शामिल हुई है। बता दें कि फिल्म गंगुबाई काठियावाड़ी की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय बेल्ट में कई स्क्रीनिंग हुई हैं और बर्लिन फिल्म महोत्सव में भी दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। इसके अलावा ये फिल्म इंटरनेशनल बेल्ट पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। फिल्म ने इंटरनेशनली 7.50 मिलियन डॉलर की कमाई की। बता दें कि संजय और आलिया ने फिल्म गंगुबाई काठियावाड़ी के जरिए पहली बार साथ में काम किया है। दोनों की जोड़ी ने शानदार काम किया। वहीं ऑस्कर की बात करें तो इसकी अनाउंसमेंट आने वाले महीनों में हो सकती है। वैसे बता दें कि संजय लीला भंसाली की साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म देवदास जिसमे शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित भी ऑस्कर के नॉमिनेशन के लिए नॉमिनेट हुई थी। वैसे इस बार एस एस राजामौली की पीरियड ड्रामा फिल्म आरआरआर की भी बात चल रही है ऑस्कर में एंट्री के लिए। वहीं हो सकता है कि विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स भी अकादमी अवॉर्ड्स की लिस्ट में शामिल हो सकती है।

# छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान द्वारा रक्तदाता सम्मान व रक्तदान शिविर

**छुरा-** ब्लांक मुख्यालय से महज दो किलोमीटर की दुरी स्थित प्राथमिक शाला तुमगांव के स्कूल में 18 दिसंबर गुरु घासीदास जयंती के पावन शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ शाकंम्भरी सेवा संस्थान के तत्वधान में रक्तदान शिविर व रक्तदाता सम्मान समारोह का कार्यक्रम किया गया जिसमें सर्वप्रथम मां शारदे के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर शुभ आरंभ किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भूषण चन्द्राकर थाना प्रभारी छुरा,विशेष अतिथि संतु राम ध्रुव सरपंच हरदी,विशेष अतिथि खेदूराम साहू उपसरपंच,मंजू ध्रुव सरपंच लोहझर,शिक्षक शंकर यदू,शिक्षक हेमलाल पटेल,शिक्षक संतराम कंवर,अर्जुनधनंजय सिन्हा,थे।वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हूए थाना प्रभारी चन्द्राकर सर ने कहा देश के लिए तो जीते ही है देश के साथ-साथ मैं रक्तदान कर मानता सेवा करने लगातार प्रयास कर रहा है हमारे रक्तदान करने से किसी एक को नया जीवन मिल जाता है।सरपंच मंजू ध्रुव ने बताया समाजसेवी मनोज पटेल ने मुझे रक्तदान करने को प्रेरित किया और में पहली बार रक्तदान करने पहुंची हूं मैं स्वंय रक्तदान कर हमारी महिलाओं व मातृशकित माताओं को रक्तदान करने निवेदन करती हूं महिलाओं युवाओं व पुलिस जवानों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया इन्होंने किया गया रक्तदान भूषण चन्द्राकर थाना प्रभारी छुरा,मंजू ध्रुव सरपंच लोहझर,डाहरू कौशले शिक्षक,राकेश कुमार ध्रुव युवराज यदू,गरिमा सिन्हा, गंगाराम पटेल,फलेन्द्र साहू,वेदराम शशीकांत अग्रवाल,देवेन्द्र सिन्हा,हरिराम साहू,प्रीतम यादव,वेदनारायण नागेश,चमन यादव,यशंवत साहू,गायत्री सिन्हा,कौशल पटेल,दीपक साहू,भोला पाण्डे,एमन,एवं रायपुर मेडिकल कॉलेज की टीम के सहयोग से ग्राम तुमगांव में ग्रामीणों ने स्वेच्छा से रक्तदान किये रक्तदात शिविर में आये टीम डॉ अरविंद मिश्रा मेडिकल ऑफिसर,डॉ विवेक कौशिक,डॉक्टर अहमद डॉक्टर परभार,कैंपस प्रभारी श्री शहबीर खान,सुलतादास एम.एस, शोभराम साहू,राकेश शर्मा,सुमन,परम,स्वाति,का सहयोग रहा कैंपस प्रभारी खानकार विशेष मार्गदर्शन में यह कैम्प सम्पन्न हुआ ताकि लोगों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया गया।जिसमें विशेष सहयोग रोशन देवांगन,शंकर यदू शिक्षक,हेमलाल,पटेल शिक्षक,संतराम कंवर शिक्षक,अर्जुन धनंजय सिन्हा शिक्षक,रामेश्वर भूजिया,पुरानिक साहू,टोमेश साहू,बीरबल सोनावानी,खेदूराम साहू उपसरपंच,ईश्वर प्रसाद,हुबलाल पटेल,भारती ध्रुव,डुमेश्वरी यादव,रेड क्रास संरक्षक सदस्य व समाजसेवी मनोज पटेल,दिनेश साहू,रेखराम ध्रुव,हेमंन्त ध्रुव,पुनितराम ठाकुर व ग्रामीण जन उपस्थित थे।




# निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश



**ग्वालियर।** जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उनका निराकरण संतुष्टि के साथ करें। आमजन की निगम से बहुत अपेक्षायें रहती है। उक्ताशय के विचार नगर नगम आयुक्त किशोर कन्याल ने जनसुनवाई के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर अपर आयुक्त आरके श्रीवास्तव, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, अधीक्षण यंत्री जेपी पारा, उपायुक्त प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य सभी विभागाधिकारी उपस्थित रहे।सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के वार्ड 43 रावन सदन चिटनिस की गोठ लश्कर निवासी रामबाबू गुप्ता ने नियम विरूद्ध अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण को रोकने के संबंध में, वार्ड 29 सचिन तेदुंलकर राम वाटिका के समीप शहीद स्मृत नगर की मुख्य मार्ग पर बनी अवैध बाउंड्रीवाल के संबंध में, वार्ड 6 सागरताल रोड लधेडी जगनापुरा उचाडिया बाबा मंदिर के पास निवासी किशन सिंह बैस ने शासकीय रास्ते पर अतिक्रमण कर बंद रास्ते को खुलवाये जाने के संबंध में, वार्ड 16 के हरीश चन्द्र गोयल ने आवासीय क्षेत्रों में अवैध व्यवसायिक व औधोकिग गतिविधियों को रोकने के संबंध में अपना आवेदन निगमायुक्त श्री कन्याल को दिया। जिस पर निगमायुक्त कन्याल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित लगभग 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त कन्याल ने दिए।

# मप्र में भी गुजरात फार्मूले की दहशत 50 प्रतिशत टिकट कटने की संभावना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में भी भाजपा आलाकमान गुजरात फार्मूला लागू कर सकता है। गुजरात की रिकार्ड जीत से उत्साहित भाजपा में आजकल गुजरात फार्मूले की ही चर्चा है। इसके लिये मध्यप्रदेश से लगभग 50 से 60 प्रतिशत वर्तमान विधायक मंत्रियों के टिकट काटे जा सकते हैं। गुजरात फार्मूले को एमपी में लागू करने को लेकर संघ का कोर ग्रुप भी इसके लिये अप्रत्यक्ष तौर पर तैयार है। गुजरात फार्मूले यदि मध्यप्रदेश में लागू हुआ तो मध्यप्रदेश के कई दिग्गज मंत्री घर बैठ जायेंगे। इधर मध्यप्रदेश में गुजरात फार्मूला की चर्चा की भनक लगते ही मध्यप्रदेश के आधा दर्जन वरिष्ठ मंत्री अब आलाकमान के यहां दिल्ली हाजिरी लगाने लगे है। इसमें एक सबसे ज्यादा पावरफुल मंत्री तो अब संगठन में घुसने की कवायद करने लगे हैं। उनके निकटवर्ती सूत्रों का कहना है कि मंत्री जी अब मंत्री पद का मजा लेने के बाद अपनी विधायकी बचाने के लिये संगठन में आना चाहते है कि कैसे भी उन्हें मंत्री पद छोडने की सहानुभूति का फायदा लेकर विधायकी का टिकट पुनः मिल जाये।हालांकि इसके बदलाव के लिये उन्होंने अब अपने बेटे को ब?ाना शुरू कर दिया है, लेकिन उनका भतीजा भी अब टिकट के लिये अलग से प्रयास में लगा है। गुजरात फार्मूले को लेकर मध्यप्रदेश के वर्तमान विधायक व मंत्रियों में दहशत है। उन्हें डर बैठ गया है कि उनका टिकट काटा जा सकता है।




# 17वें अन्तर्राष्ट्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव ग्रीनवुड उदभव उत्सव का आयोजन 29 से

**ग्वालियर ।** उदभव सांस्कृतिक एवं क्रीडा संस्थान अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव उदभव उत्सव-2022 का आयोजन ग्रीन वुड पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 29 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक आयोजित करेगी ।इस वर्ष ताइवान कार्यक्रम की पार्टनर कन्ट्री होगी । शुभारम्भ समारोह में ताईवान के भारत में प्रतिनिधि राजदूत बाओशुआन गेर शामिल होंगे । नृत्य एवं संगीत समारोह में इस वर्ष ताइवान, उजबेकिस्तान, किर्गिस्तान एवं श्रीलंका के दलों के साथ जम्मू काश्मीर, असम, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ, राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के 1000 से अधिक कलाकार ग्वालियर के विभिन्न स्टेजों पर चैम्पियनशिप ट्राफी जीतने के लिये अपनी शानदार प्रस्तुतियां देंगे । कार्यक्रम जीवाजी विश्वविद्यालय एवं सिंधिया कन्या विद्यालय के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया जा रहा है । उदभव के अध्यक्ष डॉ. केशव पाण्डेय एवं ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती किरण भदौरिया ने आज पत्रकारों को जानकारी देते हुये बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव उदभव उत्सव का यह 17वां वर्ष है । विगत वर्षो में ग्रीस, इटली, स्पेन, रूस, स्लोवाकिया, फ्रांस, टर्की, रशिया, बुल्गारिया, साउथ कोरिया, किर्गिस्तान, अजरबैंजान, रिपब्लिक ऑफ यकुटिया, चीन, यूक्रेन, इजिप्ट, इण्डोनेशिया, थाईलैण्ड, बंगलादेश, श्रीलंका आदि देशों के कलाकार अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियाँ उदभव उत्सव के अन्तर्गत ग्वालियर में दे चुके हैं । डॉ. पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष क्षेत्रीय प्रगति एवं विकास की सम्भावनाओं को देखते हुए ताइवान के साथ गठबंधन किया गया है ।उदभव के सचिव दीपक तोमर ने विस्तृत कार्यक्रम बताते हुए कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव उदभव उत्सव-2022 का शुभारम्भ 29 अक्टूबर होगा जिसमें भव्य कार्निवल निकाला जायेगा जहां विभिन्न देशों के प्रतिभागी एवं देश के विभिन्न प्रान्तों से आये प्रतिभागी पारम्परिक परिधानों में नृत्य करते हुये चलेंगे । कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु इस वर्ष ग्रीनवुड उदभव उत्सव में समूह नृत्य प्रतियोगिताओं एवं प्रदर्शन के साथ-साथ एकल नृत्य एवं इन्स्ट्रूमेंटल म्युजिक ग्रुप प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है । एकल नृत्य क्लासिकल, एवं सेमी क्लासिकल केटेगरी में आयोजित किया जायेगा। ग्वालियर के होनहार कलाकारों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुति का यह सुनहरा अवसर है ।अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उद्भव इस लम्बी यात्रा को पंजीबद्ध करने के उद्देश्य से ग्वालियर-टू-रोम नामक पुस्तक भी प्रकाशित कर रहा है जिसमें 25 वर्षो की सम्पूर्ण यात्रा का चित्रण किया गया है कि किस प्रकार ग्वालियर से निकल कर 45 विदेश यात्राओं एवं दुनिया के 80 देशों में सांस्कृतिक सम्बन्ध स्थापित कर भारतीय संस्कृति का परचम फहराया है । आज की पत्रकार वार्ता में उदभव के सचिव दीपक तोमर, जीवाजी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता एसके द्विवेदी, उदभव के मनोज अग्रवाल, सुरेन्द्र पाल सिंह कुशवाह, प्रवीण शर्मा, आलोक द्विवेदी, डॉ. आदित्य भदौरिया, राजीव शुक्ला, सुरेश वर्मा, प्रदीप बिसारिया, शरद यादव, साहिल खान, शुभम राणा, संतोष वशिष्ठ आदि उपस्थित थे।




# किरण देशपांडे ने कहा- पखावज वादन शैली के आधार पर ही हुआ है तबले की भाषा का विकास

प्राचीन काल से ही संगीत का हमसे नाता रहा है। प्रकृति के साथ संगीत के विकास के सफर को देखा जा सकता है। इतने लंबे सफर के बाद वर्तमान में शास्त्रीय संगीत ख्याल गायन के रूप हमारे सामने मौजूद है। शास्त्रीय संगीत में वैदिक काल से लेकर वर्तमान तक के सफर में शब्द, सुर और लय का तालमेल हमेशा रहा है। इसके अलावा संगीत में भाषा की प्रधानता भी देखी जाती रही है। यदि बात तबले की की जाए तो पखावज वादन शैली के आधार पर ही तबले की भाषा का विकास हुआ है इसलिए पखावज को तबले का पिता साज कहा जाता है।यह बात भोपाल से आए प्रख्यात तबला वादक और ख्याल गायक पंडित किरण देशपांडे ने कही। वह तानसेन समारोह के अंतर्गत राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय में आयोजित वादी संवादी व्याख्यानमाला के पहले दिन बोल रहे थे। 'साहित्य और संगीत सर्जना' विषय पर हुए कार्यक्रम के दौरान पं. देशपांडे ने तबला वादन की प्रस्तुति दी। उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला द्वारा अकादमी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. साहित्य कुमार नाहर, कुलसचिव दिनेश पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला द्वारा अकादमी के निदेशक जयंत भिसे, सह निदेशक राहुल रस्तोगी उपस्थित रहे। विवि की ओर से प्रो. रंजना टोणपे, डॉ. मनीष करव?, डॉ. संजय सिंह, डॉ. पारूल दीक्षित सहित कई कला रसिक और संगीत एवं कला के छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।



**पंचम सवारी में तबला वादन**–व्याख्यान के दौरान ही पं. किरण देशपांडे ने एकल तबला वादन भी पेश किया। उन्होंने पंचम सवारी में पेशकार, कायदे, रैला, चक्करदार टुक्डऔर मुखड़े की आकर्षक प्रस्तुति दी। इसके बाद उन्होंनें तीन ताल में पेशकार, कायदे, रैला, चक्करदार टुक?, मुख? आदि प्रस्तुत किए।

# महापौर डॉ सिकरवार ने किया गाडगे महाराज को नमन

**ग्वालियर।** महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार द्वारा पूज्य संत श्री गाडगे जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर गाडगे महाराज पार्क, सुरेश नगर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पार्षद सुरेश सोलंकी, पार्षद प्रमोद खरे, सुधीर मंडेलिया, शिवराम जाटव, रामअवतार जाटव, महादेव अपोरिया, मोनू रजक, केदार रजक, सुनील रामपुरिया, सुनील चंद्रवंशी, अखिलेश नारायण सहित सभी सम्मानितजन उपस्थित रहे।



# मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले सभी बच्चे बनेंगे गौरव दिवस के साक्षी : महापौर

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रमों की श्रंखला में आज महाराज बाड़े से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ को महाराज बाड़े पर महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार एवम नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुधीर गुप्ता, डीएसपी ट्रैफिक नरेश अनोतिया, जिला शिक्षा अधिकारी एवं नगर निगम के उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता नोडल अधिकारी खेल सत्यपाल सिंह चैहान उपस्थित रहे। महाराज बाड़े से प्रारंभ होकर मैराथन दौड़ सराफा बाजार, राम मंदिर चैराहा, गस्त का ताजिया, छप्पर वाला पुल, शिंदे की छावनी, गुरुद्वारा होते हुए फूल बाग पहुंची। जहां मैराथन का समापन हुआ। मैराथन के शुभारंभ अवसर पर सचिन पाल के निर्देशन में विद्याभवन स्कूल के बच्चों द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गई। मैराथन दौड का रास्ते में चैक प्वाइंट पर धावकों के लिए केले, फूटी एवं ग्लूकोज वितरित किया गया तथा विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। वहीं समापन कार्यक्रम स्थल पर सभी बच्चों को कैप का वितरण किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार एवं नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार की राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर महापौर डॉक्टर सिकरवार ने कहा कि मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले सभी बच्चे एवं युवा गौरव दिवस के साक्षी बनेंगे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत सहायक खेल अधिकारी श्री अयोध्या शरण शर्मा द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन जिला फुटबॉल संघ के शिव वीर सिंह भदोरिया एवं सहायक नोडल अधिकारी खेल सुश्री विजेता चैहान द्वारा किया गया। भारत सरकार के खेल युवा कल्याण विभाग की हिंदी साहित्य समिति के सदस्य अंशुल श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ नेता लोकेश शर्मा, डीएसपी ट्रैफिक नरेश अनोतिया, नगर निगम के उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता नोडल अधिकारी खेल सत्यपाल सिंह चैहान, उपायुक्त डॉ अतिबल सिंह यादव, सहायक नोडल खेल अधिकारी धर्मेंद्र सोनी, भूपेन्द्र शर्मा नानू सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।




**पुष्पेंद्र सिंह ने प्रथम तो उदय प्रताप सिंह ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान**–गौरव दिवस के उपलक्ष में आयोजित अटल मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान पुष्पेंद्र सिंह द्वारा प्राप्त किया गया तथा द्वितीय स्थान उदय प्रताप सिंह तोमर एवं तृतीय स्थान आशीष धाकड़ ने प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार के लिए नगद 11000, द्वितीय पुरस्कार के लिए 5100 एवं तृतीय पुरस्कार के लिए 2100 रुपए नगद प्रदान किए गए। वही 8 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार 1100 - 1100 रुपए प्रदान किए गए। जिसमें राजेंद्र यादव ,अवधेश, दीपक बाथम, अर्पिता शर्मा, मिताली शर्मा, अंकि तोमर ,रूबी राठौर एवं सोनी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।







स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478